रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 03 मार्च 2025, वर्ष 10, अंक 410 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## भाकपा-माले का 'बदलो बिहार' महाजुटान अधिक सीटों के लिए दबाव बनाया

### दीपांकर बोले- रैली से बिहार में बदलाव की शुरुआत होगी



पटना के गांधी मैदान में भाकपा माले 'बदलो बिहार' महाजुटान रैली की। रैली में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। यह संख्या इसलिए भी बड़ी थी कि इसमें बड़ी संख्या में स्कीम वर्करों ने हिस्सा लिया। सामने विधान सभा का चुनाव है और माले का परफॉर्मेंस लोकसभा चुनाव में बेहतर रहा है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है महागठबंधन के अंदर आरजेडी सहित कांग्रेस और माले अपनी ताकत दिखा रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि इस रैली से बिहार में बदलाव की शुरुआत होगी। दीपाकर ने एक सर्वे की चर्चा करते हुए कहा कि 'एक सर्वे आया है जिसमें 50 फीसदी लोगों ने कह दिया है कि बिहार में सरकार बेकार है, इसको बदल देना चाहिए। भाजपा महाराष्ट्र दिल्ली की तरह यहां खुद को सत्ता में लाना चाहती है लेकिन धनबाद. बोकारो में जिस तरह से भाजपा साफ हो गई बिहार में भी साफ होगी'

**महाजुटान में ये 5 प्रस्ताव पास किए गए** जनता की इस विधानसभा से हम भाजपा-जदयू सरकार को खारिज करते हुए ऐतिहासिक गांधी मैदान से बिहार में बदलाव का बिगुल फूंकने और जन मुद्दों को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का मुद्दा बना देने का संकल्प लेते हैं। 1857 के पहले स्वतंत्रता संग्राम से लेकर रजवार विद्रोह, जमींदारी राज के खिलाफ जुझारू किसान आंदोलन, त्रिवेणी संघ आंदोलन, समाजवादी और कम्युनिस्ट आंदोलनों की इस धरती से बदलाव की जो आवाज उठी है, वह पूरे देश को एक नई दिशा देगी। संकल्प लेते हैं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा करेंगे और उसके मूल्यों के आधार पर एक समतामूलक समाज बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जहां हर व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और समान अवसर की गारंटी हो सकेगी। अमेरिका द्वारा प्रवासी भारतीयों के साथ की गई क्रूरता और उस पर मोदी सरकार की चुप्पी देश के आर्थिक हित, स्वाभिमान और संप्रभुता पर एक गहरा आघात है।

## पेंशन

## पेंशन एवं लेखा निदेशालय, जिला कोषागार ने 2 महीने में नई पेंशन योजना में नियुक्त लगभग छह हजार कर्मियों का भविष्य निधि लेखा संख्या का किया आवंटन



हजारीबाग। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय के कुशल नेतृत्व में जिला पेंशन एवं लेखा निदेशालय, एवं जिला कोषागार कार्यालय ने मात्र 2 महीने में नई पेंशन योजना में नियुक्त लगभग छह हजार कर्मियों का भविष्य निधि लेखा संख्या का किया आवंटन 1 सितंबर 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त वैसे कर्मियों, जिन्हें सेवा निवृत्ति के पश्चात एनपीएस राशि का भुगतान नहीं हुआ है, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करते हुए पेंशन भुगतान करने की प्रक्रिया कर ली गयी है पूरी जिला कोषागार कार्यालय द्वारा महालेखाकार कार्यालय, झारखंड, रांची से प्राप्त प्राधिकार पत्र के आलोक में समस्त कर्मियों का पेंशन कर दिया गया है प्रारंभ हजारीबाग।राज्य के विकास और सरकारी कामकाज में लंबी अवधि तक तक सेवा देने वाले कर्मी सेवानिवृत्ति के उपरांत आर्थिक रूप से संबल रहे इसकें लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुरानी पेंशन योजना फिर से (ओपीएस) बहाल कर राज्य कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए हजारीबाग की उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के कुशल नेतृत्व में जिला पेंशन एवं लेखा निदेशालय, तदेन भविष्य निधि कार्यालय एवं जिला कोषागार कार्यालय ने त्वरित पहल करते हुए मात्र 2 महीने के अंदर हजारीबाग जिला में अवस्थित सभी राज्य स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालय के लगभग छह हजार कर्मियों, जिनकी नियुक्ति नई पेंशन योजना के तहत हुई थी, का भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित कर दिया है।

### सेवानिवृत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत राशि भुगतान करने की प्रक्रिया पूरी

हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या 141- दिनांक 1 सितंबर 2023 के तहत 1 सितंबर 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त वैसे कर्मियों, जिन्हें सेवा निवृत्ति के पश्चात नई पेंशन योजना (एनपीएस) राशि का भुगतान नहीं हुआ है, के लिए एनपीएस खाता में जमा राशि में से सरकार के अंशदान एवं लाभांश की राशि का भुगतान सरकार के खजाने में जमा कराकर उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करते हुए पेंशन भुगतान करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि इस श्रेणी में वैसे कर्मी शामिल थे जो दैनिक वेतनभोगी/ संविदा के रूप में नियुक्त हुए थे और जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नियमित किया गया था। वहीं, 01.09.2022 के पूर्व सेवानिवृत वैसे कर्मी जिन्हें न्यू पेंशन स्कीम के तहत् जमा राशि का भुगतान हो चुका है तथा वे पुरानी पेशन योजना का लाभ लेने के इच्छुक है . उपायुक्त हजारीबाग के व्यक्तिगत रुचि एवं प्रयासों का मिला सकारात्मक परिणाम उपायुक्त नैंसी सहाय के मार्गदर्शन में जिला कोषागार पदाधिकारी सह - पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत मुख्यालय से प्राप्त 48 सेवानिवृत्त कर्मी, के अलावे वैसे कर्मी जो सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने-अपने घर चले गए थे तथा कार्यालय के पास उनके वर्तमान आवासीय पता एवं मोबाइल नंबर भी उपलब्ध नहीं था,से संपर्क स्थापित कर कार्यालय बुलाकर एनपीएस में जमा सरकारी अंशदान एवं लाभांश की राशि चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा कराया गया । पेंशन प्रपत्र को भर कर महालेखागार कार्यालय, झारखंड, रांची को उपलब्ध करा दिया गया है।

### झारखंड का आरोपी 5 साल से था फरार, आबकारी अधिनियम का मामला

रानीपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बरतु पुत्र भगरा झारखंड के लोहरदगा जिले का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी. (IPS) के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को भरूकवा तिराहे से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना रानीपुर में मुकदमा संख्या 924/18 और अ.सं. 1217/16 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60 में मामला दर्ज है। उप निरीक्षक रामाज्ञा कुमार और हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद की टीम ने यह गिरफ्तारी की। थाना प्रभारी राजीव सिंह के अनुसार, आरोपी भागने की

## पूर्व SEBI चीफ माधबी बुच पर FIR का आदेश

मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने SEBI की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। शेयर मार्केट फ्रॉड और नियामक उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने माधबी के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी केस दर्ज करने का आदेश दिया। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सेबी और कॉर्पोरेट संस्थाओं के बीच मिलीभगत,



इनसाइडर ट्रेडिंग और लिस्टिंग के बाद पब्लिक फंड की हेराफेरी के आरोप भी लगाए गए हैं। एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर प्रभाकर तरंगे और राजलक्ष्मी भंडारी महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए।

**सेबी कोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कानूनी कदम उठाएगी** वहीं रविवार को सेबी ने स्टेटमेंट में कहा कि वह जल्द ही मुंबई की ACB कोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कानूनी कदम उठाएगी। इसके अलावा सेबी ने कहा कि शिकायतकर्ता तुच्छ और आदतन मुकदमेबाज है।

**माधवी बुच समेत छह लोगों पर FIR का आदेश** SEBI की पूर्व चीफ माधबी पूरी बुच SEBI के होल टाइम मेंबर अश्वनी भाटिया SEBI के होल टाइम मेंबर अनंत नारायण SEBI के होल टाइम मेंबर कमलेश चंद्र वार्ष्णेय BSE के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल BSE के CEO सुंदररमन राममूर्ति ACB को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी होगी जज बांगर ने शिकायत और सहायक दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद यह आदेश दिया। जज ने मुंबई के एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी), भारतीय दंड संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और सेबी अधिनियम के तहत FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने ACB को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

## बेख़ौफ़ अपराधियों ने पिस्टल के बल पर डकैती की घटना को दिया अंजाम, लाखों के जेवरात लूटे





### मंदिर से चांदी की मुकुट भी ले गए अपराधी, दो अन्य घरों से भी लाखों की हुई डकैती

**झंझारपुर** अनुमंडल क्षेत्र के लखनौर थाना के गंगापुर पंचायत के भेलवा टोल में दस - पंद्रह की संख्या में आर्म्स से लैस नकाबपोश अपराधियों ने देर रात डकैती की घटना को अंजाम देते हुए नगद समेत लाखों के जेवरात लूटकर ले गए। अपराधियों ने राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर तथा बगल के एक घर में पिस्टल के बल पर डकैती कर फरार हो गए। एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोश अपराधियों ने मंदिर पुजारी राज कुमार महतो को छाती पर पिस्तौल सटाकर भयभीत कर दिया। मंदिर का ताला खोलने में देरी करने पर लोहा के छड़ से प्रहार कर दिया। डरे हुए पुजारी ने जैसे ही मंदिर का ताला खोला अपराधी मंदिर से आठ चांदी का मुकुट के साथ मुख्य पुजारी बज्र किशोर के रूम का ताला तोड़कर एक लाख नगद लुट लिया। डकैतों ने पुजारी के पत्नी प्रमीला देवी के कान से आभूषण भी छीन लिया। जिससे महिला का कान कट गया। इसके बाद बेख़ौफ़ अपराधियों ने मंदिर के बगल में स्थित गणेश महतो के घर पर धावा बोला दिया। दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गृह स्वामी को आर्म्स दिखाकर घर से करीब 15 लाख से अधिक का जेबरात लेकर फरार हो गए। सभी डकैत भोजपुरी भाषा में बातचीत के रहे थे। सभी हाफ पैंट पहने हुए थे। घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर डीएसपी पवन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बीके ब्रजेश, लखनौर थाना के अपर पुअनि रविरंजन एवं झंझारपुर आरएस थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार रविवार को पहुंच कर गहनता से जांच पड़ताल किया। इससे पूर्व लखनौर पुलिस रात में तीन बजे घटना स्थल पर पहुंची थी। डकैती की घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। डीएसपी पवन कुमार ने कहा कि घटना की सूचना मिली। जांच के क्रम में पता चला कि पहले मंदिर में पांच से ज्यादा लोगों द्वारा बलपूर्वक घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें मंदिर का आभूषण लुटा गया। वहीं, बगल में भी घटना को अंजाम दिया गया। वहां से जेवरात वगैरह लुटा गया है। पुलिस द्वारा हर बिंदु पर तहकीकात की जा रही है।




*नई दिल्ली। रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है और मुस्लिम समुदाय के लोग इसे लेकर काफी ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं। रमजान शुरू होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इसकी शुभकामनाएं दी है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, 'जैसे ही रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लाए। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दयालुता और सेवा के मूल्यों को भी याद दिलाता है। रमजान मुबारक !**

## सड़क हादसों का खौफ होगा कम, 'रक्षक' प्रोजेक्ट को अपनाएगी भारत सरकार, डीपीएस बोकारो के छात्र को मिला पेटेंट

बोकारोः झारखंड में डीपीएस बोकारो के पूर्व छात्र रूपेश कुमार की प्रतिभा का लोहा अब पूरी दुनिया मानेगी। रूपेश की ओर से बनाया गया 'रक्षक' नामक उपकरण सड़क हादसों में फरिश्ता बनकर आएगा। यह उपकरण दुर्घटना के तुरंत बाद नज़दीकी अस्पतालों, पीड़ित के परिवार और पुलिस को सूचना भेजता है, जिससे की तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। इस अविष्कार के लिए भारत सरकार ने रूपेश को 'इंस्पायर मानक अवार्ड स्कीम' के तहत पेटेंट प्रदान किया है।

**हादसे के बाद एक किमी के दायरे में सभी अस्पताल को सूचना** रूपेश के इस अविष्कार की सबसे खास बात यह है कि यह एक छोटा सा उपकरण और एक मोबाइल ऐप है। हादसे के बाद यह उपकरण अपने आस-पास के एक किलोमीटर के दायरे में सभी अस्पतालों को कॉल और एसएमएस भेजता है। इसमें दुर्घटनास्थल का सटीक लोकेशन भी शामिल होता है। इससे एम्बुलेंस बिना देरी किए घटनास्थल पर पहुंच सकती है। साथ ही, घायल के परिवार वालों और पुलिस को भी तुरंत सूचना मिल जाती है, जिससे वे समय पर मदद कर सकें। यहां तक कि आस-पास के रजिस्टर्ड कार चालकों को भी सूचना मिल जाती है,




ताकि वे मदद के लिए आगे आ सकें।

**जून 2025 में जापान टूर पर जाने का मिलेगा मौका** रूपेश की प्रतिभा को और भी सम्मान मिलने वाला है। भारत सरकार की 'इंस्पायर मानक अवार्ड योजना' के तहत उन्हें जून 2025 में जापान टूर पर जाने का मौका मिलेगा।

अगर वे इस योजना के अंतिम चरण में चुने जाते हैं तो उन्हें लगभग आठ लाख रुपये का पुरस्कार और राष्ट्रपति भवन में चार दिन ठहरने का मौका भी मिलेगा। रूपेश ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए डीपीएस बोकारो परिवार का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि अगर कार निर्माता कंपनियां आगे आएं तो वे अपने आइडिया को बड़े स्तर पर लागू कर सकते हैं। इससे सभी वाहन चालकों का डेटा एक जगह सुरक्षित रहेगा और एक्सीडेंट ज़ोन की भी जानकारी मिल सकेगी।

## बुलेट की सवारी, जींस-टॉप में पीठ पर राइफल, कॉन्स्टेबल मैडम की हुई वकील साहब से भिड़ंत

**औरंगाबादः** जींस-टॉप में बुलेट मोटरसाइकिल से अपनी किसी रिलेटिव के साथ लेडीज कॉन्स्टेबल कहीं जा रही थी। उसके पीठ पर पुलिस वाली राइफल भी टंगी हुई थी। बुलेट मोटरसाइकिल से नंबर प्लेट की जगह POLICE लिखा हुआ था। मगर, बात तब बिगड़ी जब महिला सिपाही के कंधे पर टंगे आड़े-टेढ़े राइफल से एक वकील को चोट लग गई। इसके बाद बहस होने लगी। वकील साहब लेडीज कॉन्स्टेबल का वीडियो बनाने लगे। फिर महिला सिपाही ने वकील का मोबाइल छीन लिया। वकील ने बुलेट मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली। इसके बाद मारपीट होने लगी। लोगों की भीड़ जुट गई।



बीच बाजार में ये सबकुछ चल ही रहा था कि तब एक पुलिस वाला कहीं से चला आया। मगर, उसने भी वकील साहब को ही हड़काने लगा। इतना कुछ होते-होते लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। आखिरकार, लेडीज कॉन्स्टेबल को मोबाइल लौटानी पड़ी।

## यूक्रेन को मिसाइल के लिए 14 हजार करोड़ देगा ब्रिटेन

**लंदन** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर यूक्रेन को 14 हजार करोड़ रुपए की मदद देंगे, जिससे यूक्रेन 5000 एयर डिफेंस मिसाइल खरीदेगा। स्टार्मर ने कहा कि ये मिसाइल ब्रिटेन के बेलफास्ट में बनाई जाएंगीं जिससे हमारे डिफेंस सेक्टर में नौकरियां बढ़ेंगीं। एक दिन पहले उन्होंने जेलेंस्की को 24 हजार करोड़ रुपए का लोन देने की बात कही थी। स्टार्मर ने ये भी कहा कि अमेरिका कई दशकों से हमारा भरोसेमंद साथी रहा है और आगे भी बना रहेगा। ब्रिटिश पीएम ने ये बातें यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट के बाद कहीं। इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, NATO के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। लंदन के लैनकैस्टर हाउस में समिट के लिए मौजूद वर्ल्ड लीडर्स। डिफेंस समिट के बाद जेलेंस्की ब्रिटिश किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने पहुंचे। कीर स्टार्मर बोले- हमारी प्राथमिकता अपने लोगों की सुरक्षा स्टार्मर ने कहा कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता ब्रिटिश लोगों की सुरक्षा देना और उनके हितों की रक्षा करना है, खास करके इस मुश्किल वक्त में। हमारी कोशिश यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाना है। हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दोगुना कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि समिट में शामिल नेताओं ने यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने और रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने पर सहमति जाहिर की है।



## जन्मदिन के अवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्य ने किया रक्तदान



सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सक्रिय सदस्य टुंडी निवासी महेश मंडल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धनबाद के सरकारी ब्लड बैंक एसएनएमएमसीएच पहुंचकर रक्तदान किया उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन के अवसर पर मुझे यही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य समझ में आया क्योंकि मेरे रक्त से यदि किसी की जान बचाई जा सके तो इससे बड़ा धर्म का कार्य और क्या हो सकता हैं रक्तदान महादान हैं रक्तदान जीवनदान हैं हमारी संस्था प्रत्येक दिन किसी ना किसी को रक्त उपलब्ध करा कर जीवनदान देने का कार्य कर रही हैं और आज मैंने भी अपने जन्मदिन के अवसर पर यह सौभाग्य प्राप्त किया हैं इसकी प्रेरणा मुझे हमारी संस्था से ही मिली हैं l



धनबाद : धनसार थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवान के.एस.राव ने खुद को सर्विस रिवॉल्वर से सिर में गोली मार ली. जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया।

## मनईटॉड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने दिया मनोज साव को श्रद्धांजलि





आज दिनांक 2 मार्च को मनईटॉड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने मनईटॉड़ पानी टंकी के पास मनईटॉड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के संरक्षक स्वर्गीय मनोज साव को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर के सचिव राजेश वर्मण ने किया, चेंबर के सदस्य ने कहा कि मनोज साव हमेशा संरक्षक के रूप में चेंबर ऑफ कॉमर्स को अपना सुझाव देते थे और हमेशा वह समर्पित भावना से काम करते थे, उनका जाना मनईटॉड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के लिए अपूरणीय क्षति हुआ जिसकी भरपाई करना मुश्किल है, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भवल जी भगत कोषाध्यक्ष कुंदन साव, राणा चट्टराज, विकास साव, हीरा साव, प्रकाश सिन्हा,आदिलोग शामिल थे

## रांची जेल कैदी फरार मामला : छह कक्षपाल किए गए सस्पेंड




रांची : राजधानी रांची के रांची के बिरसा मुंडा केंद्र कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हत्या के आरोपी के फरार हो जाने के बाद जेल आईजी ने कार्रवाई की है। जेल आईजी ने बिरसा मुंडा जेल के छह कक्षपालों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक कैदी के फरार हो जाने की जांच शुरू हो गई है, फरार कैदी अब तक पुलिस के पकड़ में नहीं आया है। लेकिन जेल कर्मियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। शनिवार को जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में जेल के छह कक्षपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## बेतरा में तीन वर्ष के बेटे को बांधकर कुंए में लगाई छलांग

खूंटी : कर्रा थाना क्षेत्र के छाता पंचायत अंतर्गत सावड़ा गांव में 38 वर्षीय झालो बारला ने बेतरा में अपने तीन वर्ष के बेटे को बांधकर अपनी दो बेटियों की आंखों के सामने कुंए में छलांग लगा दी, जिससे मां-बेटा दोनो की मौत हो गई। डरी सहमी बेटियों ने दौड़ते हुए इसकी जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी। घटना शुक्रवार देर रात की है। शनिवार की सुबह परिवार वालों को इसकी जानकारी मुखिया को दी और मुखिया ने पुलिस को सूचित किया। कर्रा थाने की सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी सदल बल सावड़ा गांव के उस कुंए के पास पहुंची। दोनो शवों को बाहर निकाला गया। पंचनामा करने के बाद शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# विधानसभा में कल पेश होगा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट, क्या है संकेत और आकांक्षाएं यहां देखिये



**रांची** : झारखंड विधानसभा में कल यानी 3 मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। अनुमान के अनुसार, इस बार बजट के आकार में 7 से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जिससे इसका कुल आकार लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। पिछले पांच वर्षों के बजट को देखें तो हर साल वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपये था, जबकि इस साल इसे बढ़ाकर और भी व्यापक बनाया जा सकता है। इस बार सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

महिला एवं बाल विकास को मिलेगा अधिक फंड

नई योजनाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, आगामी बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धनराशि आवंटित की जा सकती है। खासतौर पर 'मंईयां सम्मान योजना' के चलते इस विभाग को अतिरिक्त फंड मिलने की संभावना है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्ष 2001 में मात्र 32,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 4.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आगामी वित्त वर्ष में इसमें 9.5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

स्वास्थ्य और शिक्षा में बड़ा निवेश

झारखंड सरकार ने बीते कुछ वर्षों में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भारी निवेश किया है:

स्वास्थ्य बजट 169.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,223 करोड़ रुपये हो गया।

शिक्षा बजट 915.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,725 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

चुनौतियां और आगे की योजनाएं

सरकार का लक्ष्य झारखंड को और अधिक सशक्त बनाना है। इसके लिए: - स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने पर जोर रहेगा।

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। - कृषि, पशुपालन, पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों पर फोकस किया जाएगा।

**पिछले पांच सालों में बजट का आकार**

- 2020-21: 86,370 करोड़ रुपये
- 2021-22: 91,277 करोड़ रुपये
- 2022-23: 1,01,101 करोड़ रुपये
- 2023-24: 1,16,418 करोड़ रुपये
- 2024-25: 1,28,900 करोड़ रुपये

इस साल का बजट झारखंड की अर्थव्यवस्था को और रफ्तार देगा या नहीं, यह तो आगामी घोषणाओं के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन अब तक के संकेत एक बड़े और विकासोन्मुखी बजट की ओर इशारा कर रहे हैं।

## 15 लाख का ईनामी रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू गिरफ्तार



चतरा : राज्य में नक्सलियों के खात्मे को लेकर पुलिस जंगलों में लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में चतरा जिला को टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के रिजनल कमांडर कुख्यात उग्रवादी रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आक्रमण गंझू को पलामू जाने के क्रम में हंटरगंज रोड में पत्सुगिया पुल के पास गाड़ी चेकिंग के दौरान पकड़ा है। इससे पूर्व पुलिस ने गाड़ी चेकिंग के स्थान से थोड़ा पहले ही रुक गयी और अचानक एक आदमी तेजी से गाडी से उतर कर जंगल झाड़ की ओर भागने लगा, जिसे छापामारी दल के सदस्यों के द्वारा पकड़ा लिया गया एवं अन्य तीन को क्रेटा वाहन से पकड़ा गया। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन से एवं कुख्यात उग्रवादी रिजनल कमाण्डर रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण जी के निशानदेही पर कई हथियार, गोली, मोबाईल एवं अन्य सामान बरामद किया गया। इस उग्रवादी पर झारखंड सरकार द्वारा 15 लाख एवं राष्ट्रीय अन्वेषण ब्युरो, नई दिल्ली (NIA) द्वारा 3 लाख का ईनाम रखा गया था.

## 15 लाख का ईनामी रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू गिरफ्तार



चतरा : राज्य में नक्सलियों के खात्मे को लेकर पुलिस जंगलों में लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में चतरा जिला को टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के रिजनल कमांडर कुख्यात उग्रवादी रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आक्रमण गंझू को पलामू जाने के क्रम में हंटरगंज रोड में पत्सुगिया पुल के पास गाड़ी चेकिंग के दौरान पकड़ा है। इससे पूर्व पुलिस ने गाड़ी चेकिंग के स्थान से थोड़ा पहले ही रुक गयी और अचानक एक आदमी तेजी से गाडी से उतर कर जंगल झाड़ की ओर भागने लगा, जिसे छापामारी दल के सदस्यों के द्वारा पकड़ा लिया गया एवं अन्य तीन को क्रेटा वाहन से पकड़ा गया। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन से एवं कुख्यात उग्रवादी रिजनल कमाण्डर रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण जी के निशानदेही पर कई हथियार, गोली, मोबाईल एवं अन्य सामान बरामद किया गया। इस उग्रवादी पर झारखंड सरकार द्वारा 15 लाख एवं राष्ट्रीय अन्वेषण ब्युरो, नई दिल्ली (NIA) द्वारा 3 लाख का ईनाम रखा गया था.

## गुमला में पत्नी ने लाठी से पीटकर की पति की हत्या, शराब पीने की आदत से थी परेशान



**गुमला** : जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां बसाईर टोली गांव में पति के शराब पीने से परेशान पत्नी ने गुस्से में लाठी से पीटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी सविता देवी को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यह घटना शुक्रवार की है।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय अजीत रौतिया शुक्रवार दोपहर गांव के एक घर में शराब पी रहा था। उसकी पत्नी सविता देवी किसी काम से वहां पहुंची और जब उसने अपने पति को शराब पीते देखा तो गुस्से में आ गयी। उसने पति को शराब पीने से मना किया, लेकिन दोनों के बीच बहस होने लगी। इसी दौरान सविता ने वहां पड़ी लाठी उठाई और अजीत पर कई बार वार कर दिया। इससे अजीत गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसके बाद सविता ने घायल अजीत को घर लाकर मरहम-पट्टी की। उस समय घर में कोई नहीं था। लेकिन शाम होते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसने दम तोड़ दिया। शनिवार को गांव के मुखिया सुशील दीपक मिंज को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को सूचना दी। पुलिस ने सविता को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में इस्तेमाल लाठी भी जब्त कर ली।

इस घटना के बाद अजीत और सविता के 3 बच्चों का भविष्य अंधकार में पड़ गया है। उनका 16 वर्षीय बेटा राहुल रौतिया नौवीं कक्षा में पढ़ता है और ट्रैक्टर चलाकर परिवार की मदद करता था। अब पिता की मौत और मां की गिरफ्तारी के बाद इन बच्चों के पालन-पोषण की चिंता बढ़ गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झारखंड में रेशम आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं: गिरिराज



**रांची** रविवार को रांची का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय रेशम बोर्ड- सीटीआरटीआई, एनएचडीसी, डब्ल्यूएससी और हस्तशिल्प रांची में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में गिरिराज सिंह ने कहा कि झारखंड में रेशम व तसर आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बुनकरों और कृषकों की आमदनी बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि रेशम उद्योग आदिवासी और ग्रामीणों को आजीविका देने वाला वन आधारित आय का श्रोत है। रेशम उद्योग 3.5 लाख से अधिक परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं और आदिवासियों को रोजगार दिए हुए है। इसमें झारखंड के 2.22 लाख लोग शामिल हैं। सिंह ने कहा कि झारखंड में बने रेशमी कपड़ों की गुणवत्ता अद्वितीय है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने वस्त्र उद्योग एवं समग्र रेशम उद्योग से जुड़े अधिकारियों और केंद्रीय रेशम बोर्ड-सीटीआरटीआई, रांची के निदेशक डॉ. एनबी चौधरी व वैज्ञानिक-डी डॉ. जेपी पांडेय के साथ विस्तृत चर्चा की।

## सुधर रही झारखंड की आर्थिक सेहत, बिहार-गुजरात को पछाड़ चौथे स्थान पर पहुंचा

**रांची** झारखंड की आर्थिक सेहत सुधर रही है। बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए झारखंड चौथे पायदान पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 की नीति आयोग की रिपोर्ट और राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। नीति आयोग की फिस्कल हेल्थ इंडेक्स (एफएचआई) की रिपोर्ट में 18 सामान्य श्रेणी के राज्यों में झारखंड को चौथा स्थान मिला है। रिपोर्ट में राज्यों की वित्तीय स्थिति का आकलन किया गया है। इसमें ओडिशा को पहला, छत्तीसगढ़ को दूसरा और गोवा को तीसरा स्थान मिला है। जबकि बिहार 13वें स्थान पर है। डॉयचे बैंक (इंडिया) की रिपोर्ट में पहले झारखंड नौवें नंबर पर था, जो 2022-23 में पांचवें स्थान पर पहुंच गया था। अब यह एक और पायदान बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड ने राजकोषीय स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार किया है। राजकोषीय विवेकशीलता और ऋण स्थिरता में पहला स्थान हासिल किया है। झारखंड की वित्तीय नीतियों का असर है कि सामाजिक सेवाओं पर खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है। राज्य की वित्तीय स्थिति पहले की तुलना में मजबूत हुई है। गरीबी दर में भी कमी आई शुक्रवार को विधानसभा में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में भी कहा गया है कि राज्य की गरीबी दर में महत्वपूर्ण कमी आयी है। 2015-16 में जहां यह दर 42.10% थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर 28.81% हो गई है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) भी इस अवधि में 0.202 से घटकर 0.131 हो गया है, जो राज्य की समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति का प्रमाण है। राज्य की बेरोजगारी दर में भी सुधार हुआ है। 15-59 आयु वर्ग के श्रम बल भागीदारी दर में 2022-23 से 2023-24 के बीच 65.7% से बढ़कर 67.80% हो गयी है। वहीं, ग्रामीण और शहरी इलाकों में बेरोज़गारी दर में गिरावट आयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 2017-18 में बेरोज़गारी दर 8.10% थी, जो 2023-24 में घटकर 0.90% हो गयी है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी दर 10.6% से घटकर 6.1% हो गयी है

## कोकर और आसपास के इलाकों में आज को 5 घंटे नहीं रहेगी बिजली



**रांची** : मेंटेनेंस के कारण कोकर और आसपास के इलाकों में आज 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोकर ग्रामीण फीडर में 33 केवी मेंटेनेंस का काम होने के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे कोकर, चुनाभट्टा, अयोध्यापुरी बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, सामलौंग और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वहीं कोकर शहरी फीडर में भी मेंटेनेंस के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे लालपुर, बीस रोड, वर्धमान कंपाउंड, कांटाटोली, सर्कुलर रोड और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## रातू के डेली मार्केट में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी



**रातू** : थाना क्षेत्र के चट्टी डेली मार्केट स्थित अनुज्ञप्ति प्रदत्त कंपोजिट सरकारी शराब की दुकान में शनिवार की शाम उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। दुकान के कर्मचारी सुखदेव नगर आर्यपुरी निवासी अभय कुमार सिंह पिता बृजमोहन सिंह और सिल्ली सोसो के विपुल कुमार साहू पिता त्रिलोचन साहू को शराब की बोतल में पानी का मिलावट करते गिरफ्तार कर लिया गया।

श्री कुमार ने बताया कि क्षेत्र के ग्राहकों से इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थी। टीम गठित कर दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। जिस समय विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे, दोनों आरोपी बोतल की सील तोड़कर, उसमें पानी मिलाते पकड़े गये. इसकी जांच की जा रही है। श्री कुमार ने अनुज्ञप्तिधारी के खिलाफ कार्रवाई के भी संकेत दिये। रविवार को दोनों आरोपी को जेल भेजा जायेगा। इधर, घटना के बाद इलाके के अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप है।

## 29 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार



रांची । दिन रविवार को मुक्ति संस्था के द्वारा जुमार नदी के तट पर 29 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया । मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1946 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास राहुल जायसवाल ने किया। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे:= प्रवीण लोहिया रवि अग्रवाल सौरभ बथवाल सुमित अग्रवाल आर के गांधी सीताराम कौशिक विकाश विजयवर्गीय दिनेश गाबा आदित्य शर्मा संदीप कुमार पंकज खिरवाल हरीश नागपाल विनोद सिंहा

## अवैध अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई




**पलामू** । अवैध अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।1. मनातू थाना क्षेत्रः ग्राम सिलदाग के खेड़ाअर जंगल में लगभग 15 एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम की खेती को वन विभाग मनातू की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर नष्ट किया गया।

2. पांकी थाना क्षेत्रः ग्राम लावाबार की वन भूमि/गैर-मजरूआ भूमि पर लगभग 08 एकड़ में अवैध रूप से उगाई गई अफीम/पोस्ता की खेती को अभियान चलाकर नष्ट किया गया।

इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम और पुलिस ने सख्त निगरानी रखते हुए अवैध खेती को नष्ट किया। मादक पदार्थों की खेती को जड़ से समाप्त करने हेतु लगातार अभियान जारी रहेगा, तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गुप्त सूचना के आधार पर नवाजयपुर थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई

पलामू। गुप्त सूचना के आधार पर नवाजयपुर थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है।

नवाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डैनीखाड से मुखलाल सिंह (पिता - स्व. मुनेश्वर सिंह, निवासी - पूर्णाडीह, थाना - नवाजयपुर, जिला - पलामू) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लगभग 7.450 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ NDPS Act के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से निगरानी रख रही है और इस तरह की गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुण्य स्मरणः स्वतंत्रता की अमर सरिता, सरोजिनी नायडू [क्रांति की कवयित्री, स्वतंत्रता की अग्निशिखा]

सरोजिनी नायडू—एक ऐसा नाम जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा में स्वर्णाक्षरों से अंकित है। वे केवल एक क्रांतिकारी नेत्री नहीं थीं, बल्कि विलक्षण कवयित्री, प्रखर वक्ता और समाज सुधारक भी थीं। उनकी वाणी में ओज और विचारों में अद्भुत स्पष्टता थी। उनके शब्दों में विद्रोह की ज्वाला थी, तो कविताओं में कोमल भावनाओं की सरिता प्रवाहित होती थी। 2 मार्च 1949 को यह अनमोल सितारा अस्त हो गया, लेकिन उनकी विचारधारा की रोशनी आज भी भारतीय जनमानस को आलोकित कर रही है। उनकी पुण्यतिथि मात्र एक तिथि नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है। उनका स्मरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके जज़्बे को चेतना में जीवित रखने का संकल्प है।

सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। उनके पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय विद्वान और वैज्ञानिक थे, जबकि माता वरदा सुंदरी कवयित्री थीं। इस बौद्धिक और सांस्कृतिक वातावरण में पली-बढ़ी सरोजिनी बचपन से ही लेखन में रुचि रखने लगीं। महज 13 वर्ष की उम्र में उन्होंने "लेडी ऑफ दी लेक" नामक लंबी कविता लिखी, जिसने उनकी काव्य प्रतिभा को उजागर किया। आगे चलकर उनकी लेखनी इतनी प्रभावशाली बनी कि उन्हें "भारत कोकिला" कहा जाने लगा। उनकी कविताओं में भारतीय संस्कृति, प्रकृति और देशप्रेम की झलक मिलती है। सौंदर्य, विद्रोह और राष्ट्रीयता का अनूठा समावेश उनकी रचनाओं को विशेष बनाता है। लेकिन सरोजिनी नायडू केवल एक कवयित्री भर नहीं थीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की निडर सेनानी भी थीं। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और महिलाओं को संग्राम से जोड़ने का कार्य किया। 1925 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं, जो उस समय महिलाओं के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उनका नेतृत्व महिलाओं की भागीदारी को नए आयाम देने वाला साबित हुआ।

ब्रिटिश शासन के खिलाफ उन्होंने सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 1930 में दांडी मार्च के दौरान वे महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलीं और नमक सत्याग्रह में गिरफ्तारी दी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी उन्होंने जेल की यातनाएँ झेलीं, लेकिन उनके संकल्प और साहस को कोई डिगा नहीं सका। उनका स्पष्ट मत था कि स्वतंत्रता की लड़ाई केवल पुरुषों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि महिलाओं को भी समान रूप से इसमें भाग लेना चाहिए। उनके इस विचार ने महिलाओं के भीतर नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। उनकी कविताएँ ओजस्विता और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती हैं। उनका पहला कविता संग्रह "गोल्डन थ्रेशहोल्ड" (1905) प्रकाशित होते ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला गया। उनकी अन्य प्रसिद्ध कृतियाँ "द बर्ड ऑफ टाइम" (1912)



[प्रसंगवश - 02 मार्च पुण्यतिथिः सरोजिनी नायडू]

और "द ब्रोकन विंग" (1917) भी साहित्यिक जगत में सराही गईं। अंग्रेज़ी भाषा में रचित उनकी कविताएँ भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की सुगंध से सराबोर थीं। अपनी सशक्त अभिव्यक्ति के माध्यम से उन्होंने न केवल समाज की संवेदनाओं को शब्द दिए, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को भी प्रज्वलित किया।

स्वतंत्रता के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस पद पर रहते हुए उन्होंने सामाजिक कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। वे महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सतत प्रयासरत रहीं और उनके उत्थान के लिए कार्य करती रहीं। उनका जीवन सादगी और संघर्ष का प्रतीक था। वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील साहित्यकार, ओजस्वी वक्ता और निडर स्वतंत्रता सेनानी थीं। अपने हास्यबोध और सजीव वक्तृत्व कला के लिए प्रसिद्ध सरोजिनी नायडू की वाणी में जोश और विचारों में स्पष्टता थी, जिससे वे लोगों को प्रभावित करने में सक्षम थीं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और उनके लिए सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर नए द्वार खोले।

2 मार्च 1949 को यह अनमोल ज्योति बुझ गई, लेकिन उनकी रोशनी सदियों तक भारतीय जनमानस को आलोकित करती रहेगी। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और अटूट देशभक्ति का जीवंत उदाहरण है। वे केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। आज जब हम महिला सशक्तिकरण और समानता की बात करते हैं, तो हमें सरोजिनी नायडू जैसे महान व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका जीवन सिखाता है कि संकल्प, संघर्ष और अडिग इच्छाशक्ति से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। उनकी लेखनी में जो राष्ट्रीयता की भावना थी, वही भावना हमें अपने समाज और देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करनी चाहिए। उनके विचार और संघर्ष हमें यह संदेश देते हैं कि बदलाव केवल भाषणों से नहीं, बल्कि कर्मों से आता है। उनके योगदान को आत्मसात करना और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वे केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो युगों-युगों तक हमें प्रेरित करती रहेंगी।

# सिन्दरी (शहरपुरा) में लायंस क्लब द्वारा छतरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

आज, 2 मार्च 2025 को सिन्दरी (शहरपुरा) सब्जी बाजार में लायंस क्लब सिन्दरी के द्वारा एक विशेष छतरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में लोगों की मदद करना और विशेषकर उन लोगों की सहायता करना था, जिन्हें मौसम की कठिनाइयों से बचने के लिए छतरी की आवश्यकता थी।

*कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्व*
छतरी वितरण का मुख्य उद्देश्य सिन्दरी और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को बारिश या तेज धूप से बचाव के लिए छतरी उपलब्ध कराना था। इस पहल के तहत, क्लब ने गरीब और आवश्यकता मंद व्यक्तियों को छतरी प्रदान की, ताकि वे मौसम के प्रतिकूल प्रभावों से बच सकें। यह कदम समुदाय में सामूहिक सहयोग और सहायता की भावना को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था।



*कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोग*
लायंस क्लब सिन्दरी के इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित और समाज सेवा में सक्रिय व्यक्ति शामिल हुए, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इनमें दिलीप रिटोलिया, विकास राय, सुधीर कुमार सिंह, अशोक गोयल, प्रशान्त पाण्डेय, नरेश सिंह, लायन प्रभात, हरबिंदर सिंह, प्रेम सिंह टग्गर, अखिलेश सिंह, मृत्यंजय कुमार, मनोज तिवारी, उदय प्रकाश सहाय और मनोज मिश्रा शामिल थे। इन सभी ने अपनी ओर से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और छतरी वितरण में सक्रिय रूप से सहयोग किया।

*समुदाय में सकारात्मक प्रभाव*
यह कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों के लिए सहायक साबित हुआ, बल्कि इसने सिन्दरी के समाज में आपसी सहयोग और एकता की भावना को भी मजबूत किया। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आए और इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे आगे भी इस तरह की सामुदायिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे, ताकि समाज में और भी अधिक सकारात्मक बदलाव आए।

***लायंस क्लब की पहल***
लायंस क्लब सिन्दरी के इस कार्य ने यह साबित कर दिया कि समाज में छोटे-छोटे योगदानों से बड़े बदलाव संभव हैं। क्लब समय-समय पर इस तरह की सेवाकार्य गतिविधियाँ आयोजित करता है, जिससे समाज के कमजोर वर्ग को सहायता मिलती है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि यह लोगों को अपने आस-पास के समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

इस छतरी वितरण कार्यक्रम ने सिन्दरी और शहरपुरा में एक नई आशा और उत्साह का संचार किया। लायंस क्लब सिन्दरी का यह कदम निश्चित ही समाज में एकता और सामूहिक सहयोग की भावना को और मजबूत करेगा। आने वाले समय में क्लब इसी तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की मदद की जा सके और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा सांसद में सिंदरी के दो युवा बड़ी भूमिका में अपनी प्रस्तुति दी

धनबाद/सिंदरी : दिनांक 2 मार्च, रविवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा सांसद में सिंदरी के दो युवा बड़ी भूमिका में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। 1 एवं 2 मार्च को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा संसद में सिंदरी के सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह सूर्यवंशी को केंद्रीय कोयला मंत्री का पोर्टफोलियो मिला है वहीं अमरनाथ तिवारी को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री का पोर्टफोलियो आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त बोकारो से अमर सिंह भाजपा सांसद के रूप में शामिल हैं। प्रमुख राष्ट्रीय एजेंडा पर चर्चा करने के लिए युवाओं के लिए कृत्रिम लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्यवाही प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है ताकि युवा अपने क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों को उठा सकें और यह मुद्दे सरकार के भी संज्ञान में लाया जा सके। सदन की कार्यवाही के पहले दिन कोयला मंत्री की भूमिका में उपस्थित आशीष सिंह सूर्यवंशी ने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना ओपनिंग स्टेटमेंट दिया जिसमें उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अपने कोयला मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को सदन पटल पर रखा। आशीष ने बताया की 'परित्यक्त खदानों का उपयोग पर्यावरणीय पुनर्स्थापन और कृषि आर्थिक लाभ के क्षेत्र में तथा खनन क्षेत्र में जलाशयों के निर्माण से सिंचाई और जल संकट को कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मत्स्य पालन और कृषि भूमि पुनरुद्धार से स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है, खनन पर्यटन और इको पार्क से सतत पर्यटन को प्रोत्साहित करने से लेकर बागवानी और वनीकरण कार्यों में भी रोजगार उत्पन्न करने की दिशा में कोयला मंत्रालय कार्य कर रहा है।' वही पर्यटन मंत्री की भूमिका में अमरनाथ तिवारी ने अपने ओपनिंग स्टेटमेंट के दौरान विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपने पर्यटन मंत्रालय की भूमिका एवं रोड मैप सदन के पटल पर रखा। इसमें उन्होंने सरकार की अलग-अलग नीतियों पर्यटन दीदी, भारत @ 75, देखो अपना देश, जैसे नीतियों के माध्यम से 2047 तक पर्यटन अर्थव्यवस्था को 3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रारूप रखा। वही सदन के दूसरे दिन रविवार को कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं स्किल डेवलपमेंट एजेंडा पर चर्चा के दौरान आशीष और अमरनाथ ने अपना पक्ष रखते हुए सदन को विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति में इन दो अहम मंत्रालयों कि भूमिका से अवगत कराया।




# मार्च में 20 दिन पहले ही रांची सहित 21 जिले का पारा 30 डिग्री के पार



**रांची** रांची में रात का पारा 21 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक रांची सहित राज्यभर में गर्मी की तपिश बढ़ती जा रही है। इस बार मार्च में 20 दिन पहले ही गर्मी आ गई है। चिलचिलाती धूप का भी सामना करना पड़ रहा है। मार्च के तीसरे सप्ताह में 35 डिग्री से अधिक तापमान होता था, लेकिन इस बार मार्च की शुरुआत में ही राज्य का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में बहरागोड़ा का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। दूसरी ओर, राज्य के 21 जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया। हालांकि, रांची में दिन का तापमान 1.8 डिग्री गिरकर 31.5 डिग्री पर आ गया और रात का पारा 2.8 डिग्री बढ़कर 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। रात का पारा चढ़ने से रात में गर्मी लगने लगी है। अधिकतर घरों में पंखा, कूलर और एसी चलाकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश हो रही है। लेकिन अगले पांच दिनों के दौरान एक बार फिर रात के तापमान में जबर्दस्त गिरावट आने की संभावना है। राज्य के अन्य जिलों में दिन का पारा चढ़ने से गर्मी से लोग बेहाल हो गए। मौसम केन्द्र रांची के अनुसार अगले दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 5 मार्च के बाद दिन के तापमान में 3 डिग्री और रात के तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

# विश्व वन्यजीव दिवसः केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक संकल्प

**[प्रसंगवश - 03 मार्चः विश्व वन्यजीव दिवस]**

**[धरती की धड़कनः वन्यजीवों के बिना अधूरी है सृष्टि]**



वन्यजीव इस धरती के अनुपम रत्न हैं, प्रकृति की उस अनमोल थाती के प्रतीक जो इस विशाल सृष्टि के संतुलन को थामे हुए हैं। ये प्राणी केवल जैविक वैविध्य की शोभा नहीं, अपितु मानव जीवन के उद्गम, उसकी यात्रा और उसके संपूर्ण अस्तित्व के आधार हैं। ये धरती की धड़कन हैं, जो अपने मूक स्वर से प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत करते हैं। किंतु, आधुनिकता की उन्मत्त दौड़, शहरीकरण का अनियंत्रित विस्तार, शिकार की क्रूर लिप्सा और प्रदूषण का विषैला जाल इन नन्हे जीवन-संगियों को लील रहा है। अनेक प्रजातियाँ समय के अंधेरे गर्भ में समा चुकी हैं, और असंख्य अन्य अपने अंतिम प्राण गिन रही हैं। यह दारुण दृश्य हमें झकझोरता है कि वन्यजीवों की रक्षा अब केवल कर्तव्य नहीं, अपितु हमारी आत्मा का आह्वान और मानवता का परम धर्म बन चुका है। इसी संकल्प को बल देने हेतु प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है, जो हमें इन प्राणियों के प्रति संवेदना का दीप जलाने और संरक्षण का पथ प्रशस्त करने को प्रेरित करता है।

20 दिसंबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में अंकित किया। इसका मूल ध्येय है—वन्यजीवों और वनस्पतियों के प्रति वैश्विक चेतना का प्रज्वलन और उनके प्राकृतिक अधिवासों को अक्षुण्ण रखने की पुकार। वर्ष 2025 की थीम 'प्रकृति और संरक्षण का उत्सव' एक मंत्र-सा है, जो प्रकृति की अलौकिक छटा, उसकी अनंत गहराई और संरक्षण की अनिवार्यता को उजागर करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम प्रकृति के साथ एक लय में बंधें, उसके संगीत को सुनें और उसकी रक्षा के लिए संकल्प लें।

वन्यजीवों को बचाने का मार्ग बहुआयामी और दृढ़ संकल्प से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रथम, वनों की अंधी लूट और शहरीकरण की अनियंत्रित आँधी पर लगाम कसनी होगी। वृक्षों का अनवरत संहार वन्यजीवों से उनका घर छीन रहा है, साथ ही जलवायु परिवर्तन के भयावह दानव को पोषित कर रहा है। वृक्षारोपण का महायज्ञ शुरू करना होगा—हर पौधा एक आशा है, हर वन एक जीवन। सतत विकास का स्वप्न साकार कर हम इस संकट को परास्त कर सकते हैं। वृक्ष धरती की श्वास हैं, और इनके बिना जीवन का संगीत मंद पड़ जाएगा।

दूसरा, प्रदूषण का यह विषचक्र तोड़ना होगा। प्लास्टिक का अंबार और कचरे का जहर जल और थल के प्राणियों को निगल रहा है। समुद्र के गर्भ में मछलियाँ, कछुए और जलपक्षी इस कृत्रिम आपदा के शिकार बन रहे हैं। प्लास्टिक को जीवन से निर्वासित करना होगा—पुनर्चक्रण का संकल्प और प्रकृति के प्रति संयम ही इस संकट का कवच बन सकता है। स्वच्छता का यह अभियान हर प्राणी के लिए जीवन का उपहार होगा।

तीसरा, स्थानीय जनमानस को वन्यजीवों की महिमा का बोध कराना होगा। जब हर दिल यह समझेगा कि ये प्राणी केवल जंगल के आभूषण नहीं, बल्कि जीवन-चक्र के संनाद हैं, तब हर हाथ संरक्षण के लिए उठेगा। शिक्षण संस्थाएँ, संगठन और सरकारें मिलकर ज्ञान का ऐसा दीप जलाएँ जो अज्ञान के अंधेरे को चीर दे। विशेषकर वनवासी और ग्रामीण समुदाय इनके संरक्षक बन सकते हैं—उनके भीतर प्रकृति का प्रेम पहले से ही बस्ता है, बस उसे जागृत करना है।

चौथा, अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार का यह काला कारोबार कुचलना होगा। दुर्लभ प्राणियों की निर्मम हत्या केवल लालच की भेंट चढ़ रही है—बाघ का गर्वीला रुदन, गैंडे का शांत चिंतन और हाथी की विशालता व्यापार की भट्टी में जल रही है। कठोर कानून और उनका दृढ़ पालन ही इस संकट का अंत कर सकता है। हर नागरिक को संरक्षक बनना होगा—हर आँख सतर्कता का प्रहरी और हर कदम न्याय का संवाहक।

पाँचवाँ, संरक्षण संगठनों को शक्ति देनी होगी। ये संगठन वन्यजीवों के लिए योद्धा हैं, जो दिन-रात उनके जीवन की रक्षा में संलग्न हैं। हमारा सहयोग—चाहे धन से, समय से या संदेश के प्रसार से—इनके संकल्प को पंख देगा। ये संगठन अकेले नहीं लड़ सकते; यह युद्ध हम सबका है।

आज जब वन्यजीवों पर संकट की काली छाया गहरा रही है, तब यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम संरक्षण का संकल्प करें।'प्रकृति और संरक्षण का उत्सव' एक थीम नहीं, बल्कि एक स्वर है—प्रकृति का स्वर, जो हमें जीवन का मोल समझाता है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल की पीढ़ियाँ इस सौंदर्य को कोसेंगी। उनकी आँखों से यह विविधता छिन जाएगी, और हम इतिहास के गुनहगार कहलाएँगे। समय आ गया है उठ खड़े होने का—एक ऐसा संकल्प करें जो वन्यजीवों में जीवन, प्रकृति में सम्मान और धरती में समृद्धि का संदेश फैलाए। विश्व वन्यजीव दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक पुकार है—एक जागृति जो हमें याद दिलाती है कि यह धरती तभी तक जीवंत है, जब तक हर प्राणी का स्वर इसमें गूँजता रहता है। हर साँस, हर कदम, और हर प्रयास इस अद्भुत संगीत को अनंत बनाए। चलिए, हम एकजुट होकर इस धरती के हर प्राणी के लिए एक शाश्वत और सजीव संगीत की रचना करें, जो युगों-युगों तक गूँजता रहे।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)**

# जैक आठवीं और नौवीं बोर्ड की परीक्षा 10 मार्च से होगी




**रांची** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जारी किया शेड्यूल

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने आठवीं और नौवीं बोर्ड की परीक्षा का शेड्यूल जार कर दिया है। यह परीक्षा 10 मार्च से दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी।

शेड्यूल के मुताबिक आठवी की 10 मार्च को पहली पाली में हिंदी, अंग्रेजी और अतिरिक्त विषय की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में गणित, विज्ञान और सोशल साइंस की परीक्षा होगी। वहीं नौवीं की 11 मार्च को पहली पाली में हिंदी-ए, हिंदी-बी और अंग्रेजी की परीक्षा ली जाएगी। दूसरी पाली में गणित और साइंस की परीक्षा होगी। 12 मार्च को पहली पाली में सोशल साइंस और अतिरिक्त भाषा की परीक्षा ली जाएगी। आठवीं और नौवीं बोर्ड की परीक्षा में लगभग 10 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। गौरतलब है कि पहले यह परीक्षा 27 जनवरी से होने वाली थी। लेकिन जैक का अध्यक्ष पद खाली होने के कारण यह परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। अब दोबारा इसका शेड्यूल जारी किया गया है। इससे परीक्षार्थी असमंजस में थे कि आखिर कब उनकी परीक्षा ली जाएगी।

# राजधानी शर्मसार...32 साल के युवक ने चार साल की बच्ची से की दरिंदगी

**रांची** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां 32 साल के एक व्यक्ति ने चार साल की बच्ची से दरिंदगी की। दुष्कर्म के बाद बच्ची को घर से बाहर निकालकर छोड़ दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी बिहार के औरंगाबाद निवासी अमर शर्मा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। पेशे से बढ़ई मिस्त्री अमर यहां अकेले ही किराए पर कमरा लेकर रहता है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी ने पहले उसे बहलाया-फुसलाया। फिर जबरन अपने कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। फिर घर से बाहर निकालकर छोड़ दिया। इधर, बच्ची के काफी देर से गायब रहने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो वह सड़क किनारे रोती हुई मिली। मां ने उससे पूछताछ की तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिवार के लोगों ने तुरंत आसपास के लोगों को बताया। इसके बाद लोग आक्रोशित हो गए। आरोपी को घर से पकड़ लिया जमकर पिटाई की। फिर पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौका पाकर वहां से फरार हो गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टेक्निकल सेल की भी मदद ली जा रही है।

**झुमरी तिलैया में भी 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म** झुमरी तिलैया. तिलैया थाना क्षेत्र में भी 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार रात करीब एक बजे के बाद की है। पीड़िता की बहन की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। बहन ने पुलिस को बताया कि वह दोनों ओवरब्रिज के नीचे सो रही थी। रात करीब एक बजे नींद खुली तो बहन गायब थी। खोजबीन शुरू की तो कुछ देर बाद वह झाड़ियों की तरफ से रोती हुई आई। बताया कि एक युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर जंगल की ओर ले गया और दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पीड़िता का मेडिकल जांच भी कराया गया है।

**सहमी हुई है बच्ची... बात तक नहीं कर रही** घटना के बाद से बच्ची काफी डरी-सहमी है। हंसते-खेलते रहने वाली बच्ची अचानक गुमशुम हो गई है। परिजनों और आसपास के लोगों से भी ज्यादा बातचीत नहीं कर रही है। माता-पिता को देखते ही रोने लगती है। ऐसे में पुलिस भी बच्ची से अब तक घटना की पूरी जानकारी नहीं ले पाई है। बच्ची के सामान्य होने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं उसकी काउंसिलिंग की भी व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। **बच्ची की मेडिकल जांच कराई, परिजनों का बयान दर्ज**

सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। परिजनों और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापे मारे जा रहे हैं, लेकिन रविवार रात तक उसका कोई सुराग नहीं मिला था। इधर, पुलिस ने रविवार को बच्ची की मेडिकल जांच कराई। पुलिस पूरे मामले में साक्ष्य जुटाने में लगी है, ताकि इसे कोर्ट में प्रस्तुत कर आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# सदर में न्यूरोसर्जरी भी, ऐसा करने वाला पूर्वी भारत का पहला जिला अस्पताल

**रांची** रांची सदर अस्पताल पूर्वी भारत का पहला जिला अस्पताल बन चुका है, जहां अब न्यूरोसर्जरी की सुविधा मिलने लगी है। बिहार, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के किसी भी जिला अस्पताल में वर्तमान में यह सुविधा नहीं है। अस्पताल में दो सालों से सुपरस्पेशलिटी अस्पताल जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। यहां सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा विभागों का संचालन हो रहा है। इनमें कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, हेमेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर, आंकोलॉजी समेत अन्य विभाग हैं। अब न्यूरोसर्जरी विभाग खुलने से मरीजों को काफी लाभ पहुंच रहा है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि रांची सदर अस्पताल में 7 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के साथ-साथ एडवांस उपकरण भी हैं। यहां दो न्यूरोसर्जन सेवा दे रहे हैं। न्यूरोसर्जन डॉ. अशोक मुंडा विभाग के हेड हैं।

**रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में 100 बेड** राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में करीब 100 बेड हैं। साल भर यहां 150% मरीजों की ऑक्यूपेंसी रहती है। इस कारण विभाग के बाहर फर्श पर 30 से 40 मरीजों को इलाज कराना पड़ता है। हालांकि, अब रांची सदर अस्पताल विकल्प के रूप में खड़ा हो रहा है।

**सदर अस्पताल के न्यूरोसर्जरी में 20 बेड** सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल के बिल्डिंग-1 में 20 बेड के साथ न्यूरोसर्जरी विभाग की शुरुआत की गई है। यदि गंभीर मरीज पहुंचते हैं तो



क्रिटिकल केयर आईसीयू की सुविधा भी है। न्यूरोसर्जरी वार्ड में प्री और पोस्ट ऑपरेटिव मरीजों के लिए सभी उपकरण लगे हैं।

**रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की** बोकारो जिले के चंदनकियारी निवासी अशोक दिसंबर 2024 में दुर्घटना में घायल हो गए थे। उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है। नस भी दब गई है। सदर अस्पताल रांची में आने पर डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की। अब वे स्वस्थ हैं। उनके दोनों पैर काम भी करने लगे हैं।

**नस के रिपेयर के लिए सर्जरी** गिरिडीह की महिला पिछले पांच साल से चलने-फिरने में असमर्थ थी। स्पाइन की एल3, एल4, एल5 और एस1 नस कमर के नीचे दबी हुई थी। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने सर्जरी कर सभी दबे हुए नस को रिपेयर किया। ऑपरेशन के बाद अब वे बिल्कुल स्वस्थ हैं।

**ब्रेन की सर्जरी कर प्लेट लगाई**
▪ सड़क दुर्घटना में ब्रेन के बड़े आकार की हड्डी (15x15 सेमी) टूटकर गायब हो गई थी। मरीज अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी कर ब्रेन को कवर करने के लिए टाइटेनियम प्लेट (जाली के रूप में) लगाया। ऑपरेशन के बाद अब इकबाल बिल्कुल स्वस्थ है।

**नाम : अशोक भगत, उम्र 64**
**नाम : नागेश्वरी देवी, उम्र 42**
**नाम : मो. इकबाल, उम्र 39**

## शौर्य सम्मान अवॉर्ड से अयाची नगर के युवा विक्की सम्मानित, लोगों ने दी बधाई



**झंझारपुर** बीते शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में डिजिटाहेलिक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक कार्य में बेहतरी एवं रक्तदान के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने के लिए अयाची नगर युवा संगठन के अध्यक्ष विक्की मंडल को शौर्य सम्मान अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया। उक्त सम्मान विक्की मंडल के अनुपस्थिति में भाई दीपक मंडल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हुकुमदेव नारायण यादव, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक डॉ. हरीश यादव, उद्यमी कुणाल कोहली समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विक्की को सम्मानित किये जाने पर प्रो. अजीत मिश्र, डॉ संजीव शर्मा, काशीनाथ झा किरण, अमल झा, प्रो. विद्यानंद झा, धीरज लाभ, रमेश ठाकुर आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन






**झंझारपुर** स्थानीय ललित नारायण जनता कॉलेज के मैदान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य समापन प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ कर दिया गया। कबड्डी में दरभंगा पैंथर्स एवं लहेरिया पैंथर्स के बीच करा मुकाबला रहा। जिसमें दरभंगा पैंथर्स विजय हुए। उन्हें 5 हजार की राशि एवं ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया। खो - खो के बालक वर्ग में बक्सर एवं डीएवी स्कूल झंझारपुर के बीच हुए मुकाबला में डीएवी झंझारपुर विजय रहा। इन्हें भी 5 हजार की राशि एवं ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं, खो - खो बालिका वर्ग में बक्सर एवं डीएवी झंझारपुर के मुकाबला में बक्सर की छात्रा ने बाजी मारी और विजय रही। जिन्हें 5 हजार की राशि एवं ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया। 15 सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बेगूसराय के बालेश्वर कुमार ने प्रथम स्थान, समस्तीपुर के सनसिल कुमार दूसरे एवं सिवान के शत्रुघन कुमार राम तीसरे स्थान पर रहे। 1000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बक्सर की अणु कुमारी प्रथम, झंझारपुर की कंचन कुमारी दूसरे एवं नरआर की वंसिका कुमारी तीसरे स्थान पर रही। लंबी कूद में दरभंगा के अंशु कुमार ने प्रथम, लोहा से आदर्श झा दूसरे एवं दरभंगा के सनी कुमार राय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में आदर्श झा ने प्रथम, प्रियांशु कुमार ने दूसरे एवं सनी कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले दौड़ में भालपट्टी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को आयोजक की ओर से नगद राशि, ट्रॉफी मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर डॉ विजय रंजन, रवींद्र प्रसाद सिंह, परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राकेश मौर्य, धर्मेंद्र कुमार साह, वैभव कुमार सिंह, पवन कुमार, डॉ बिमल यादव, राजकुमार, डॉ अब्दुल, रानु, खेलो भारत के प्रांत सह संयोजक विष्णु विज्ञान झा के अलावा परिषद के रोहित झा, निखिल झा, निरंजन झा, सुर्यदीप, नटवर झा, परमानंद झा, केतन राज, बेबी शिवेंदु, सौरभ, प्रीतम, कौशल , राम बाबू,देवेंद्र, अमरजीत, धीरज, विवेक, आदित्य, कुणाल झा, सिद्धार्थ झा, किसलय झा, रेफरी चंदन झा, वैभव झा, डीएवी के अमित कुमार, अखिलेश कांत झा, रिया दास, स्वाति, निशा, भावना, तन्नु, ज्योति, अंजलि, सिम्पी, स्मृति, निशा कामत, बसंती, अंजलि, रंजना, प्रीति, काजल, दौली, यसमिन, जस्मिन, काजल, निक्की, सिमरन, भावना, स्वाति, वर्षा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजनगर रेलवे स्टेशन पर 6 महीनों से बंद कैंटीन खुला



**राजनगर** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 6 महीने से बंद कैंटीन पुनः फिर से शुरू किया गया। इससे अब यात्रियों को स्टेशन पर ही चाय, नाश्ता पानी और भोजन मिल पाएगा। इस कैंटीन के संचालन के जवाबदेही मनीष कुमार को दिया गया है। स्टेशन पर ही यात्रियों को नाश्ता, चाय व भोजन की व्यवस्था है। अब यात्रियों को स्टेशन से बाहर निकल कर नाश्ता व भोजन के लिए चक्कर नहीं लगाना होगा। उन्होंने बताया कि रेलवे कैंटीन से मानक के अनुसार विभिन्न प्रकार के नाश्ता की व्यवस्था है। साथ ही, भोजन की भी व्यवस्था उपलब्ध है। कैंटीन बंद होने की वजह से यात्रियों का काफी समस्या होती थी।

## राजनगर सिटी इंटरप्राइजेज गौरीपुर सिंहेश्वर मधेपुरा ने बकरी सप्लाई के लिए प्रत्येक लाभुकों को उपलब्ध





**जन प्रवाद । राजनगर** स्थानीय सिटी इंटरप्राइजेज गौरीपुर सिंहेश्वर मधेपुरा के द्वारा बकरी सप्लाई के लिए प्रत्येक लाभुकों को तीन-तीन बकरियां उपलब्ध कराया गया। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार के तत्वाधान में समेकित बकरी और विकास योजना अंतर्गत 2024-25 किया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेंद्र, मधुबनी नोडल पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश, बकरी पालन डॉ पवन कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी राजनगर डॉ सुभाष चंद्र, हिंदुस्तानी नारायणपट्टी डॉ मुकेश झा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी बाबूबरही की उपस्थिति में सिटी इंटरप्राइजेज गौरीपुर सिंहेश्वर मधेपुरा के द्वारा बकरी सप्लाई किया गया। प्रत्येक लाभुकों को तीन-तीन बकरियां उपलब्ध कराया गया। अनुदानित दर सामान्य के लिए 1000 रुपए प्रति बकरी, अनुसूचित जाति के लिए 500 रुपए प्रति बकरी पालन के लिए दिया गया। बकरी का वजन 12 -15 किलोग्राम था। सभी बकरियों को टैगिंग कर रजिस्टर किया गया एवं पीपीआर रोग से बचाव हेतु टीकाकरण कर बकरी उपलब्ध कराया गया।

## प्रेस क्लब झंझारपुर की बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर बनी रणनीति

▶ **बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, 9 मार्च को होली मिलन समारोह का होगा आयोजन**



प्रेस क्लब झंझारपुर के अधिकारी एवं सदस्यगण

**झंझारपुर** स्थानीय नगर परिषद स्थित ललित कर्पूरी स्टेडियम में प्रेस क्लब झंझारपुर की मजबूती को लेकर एक अहम बैठक क्लब के अध्यक्ष देवकांत मुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती के लिए विभिन्न बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। इस दौरान संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोस्टर आधारित बैठक का शेड्यूल तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समयबद्ध तरीके से क्लब की बैठकें आयोजित कराने का भी निर्णय लिया गया। वहीं, इस दौरान क्लब के संगठन के साथ - साथ कोष की मजबूती पर भी विचार विमर्श किया गया। इसके लिए सदस्यों से आवश्यक सहयोग करने की अपील की गई। पत्रकार हित से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में आपसी सहमति से आगामी 9 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन में अनुमंडल के सभी प्रखंड के पत्रकार बंधु शामिल होंगे। प्रेस क्लब के द्वारा आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बैठक में झंझारपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष देवकांत मुन्ना, महासचिव सह दैनिक भास्कर के अमरदेव ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजय कर्ण के अलावा दैनिक सोनभद्र के समीर मिश्रा, प्रभात खबर के शिवकुमार महतो, बिहार 24 के सरफराज सिद्दकी, जन-जन के सोहेल अख्तर, वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत मिश्रा, हरिशंकर प्रसाद, राजकुमार झा, प्रदीप कुमार झा आदि मौजूद थे। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार सुमन कुमार लाल, डॉ संजीव शर्मा समेत कई पत्रकारों ने दूरभाष पर समर्थन करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही ।

## छेड़खानी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**लदनियां** थाना के झलोन चौक के पास दुर्गा मंदिर के समीप 16 वर्षीया एक नाबालिग लड़की से शनिवार की सुबह 21 वर्षीय लड़का द्वारा बलपूर्वक छेड़खानी के असफल प्रयास करने की बात सामने आया है। अपर थानाध्यक्ष एसआई कार्तिक भगत ने पॉस्को एक्ट के तहत कांड संख्या 63/25 दर्जकर अभियुक्त रविन्द्र यादव उर्फ टमाटर को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया। पीड़ित के पिता ने आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 7 बजे उनकी पुत्री उनके लिए नास्ता लेकर दुर्गा मंदिर के समीप आ रही थी। जहां उनका दुकान चल रहा है। 21 वर्षीय आरोपी रविन्द्र यादव चौपार गांव के राम सुफल यादव का पुत्र है। युवक रविन्द्र यादव रास्ते में मौके का लाभ लेकर टावर के पास उनकी पुत्री के साथ बलपूर्वक छेड़खानी करने का असफल प्रयास किया। पीड़िता के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़े। आरोपी को खदेड़ कर पकड़ लिया। इसीबीचपुलिसगाड़ीमौकेपरपहुंची।लोगोंनेआरोपीकोपुलिसकेहवालेकरदिया। ज्ञात हो कि घटना गत 15 फरवरी की है। पीड़िता कोचिंग से पढ़कर अपने घर लौट रही थी। आरोपी ने एनएच 227 पर झलोन-कटैया पुल के निकट मोबाइल से फ़ोटो खींच लिया था। घटना की सूचना पीड़िता ने अपने माता पिता को दी। इसको लेकर पीड़िता की पिता ने आरोपी के पिता से शिकायत की। आरोपी के पिता अपने लड़का को बाहर चले जाने की बात कर टाल मटोल कर रहा था। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## रामगुलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बास्केट मेकर व कारपेंटर का प्रशिक्षण जारी





**राजनगर** प्रखंड क्षेत्र के सहसपुर स्थित रामगुलाम इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी में पीएम विश्वकर्म योजना के तहत बास्केट मेकर व कारपेंटर का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें 250 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के निर्देशक डॉ मिथुन कुमार पासवान ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 15 हजार रुपए की टूल किट दी जाएगी। प्रशिक्षण से प्रतिभागी 3 लाख रुपए का बैंक लोन लेकर स्वरोजगार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके द्वारा भारत सरकार सस्ती ब्याज दरों पर कई प्रकार के कारीगरों को तीन लाख रुपए तक का बिना गारंटी लोन उपलब्ध करवाती है। इस दौरान सेंटर इंचार्ज रविशंकर कुमार पासवान, ट्रेनर रमेश कुमार, राहुल कुमार सिंह, संजीत कुमार, रविशंकर कुमार आदि मौजूद रहे।

## मिथिला में महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम

▶ **लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने लिया हिस्सा**

**मधुबनी** मधुबनी में लेट्स इंस्पायर बिहार के तहत महिला सशक्तिकरण पर विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आईजी विकास वैभव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मिथिला की परंपरा के अनुसार उन्हें पाग डोप्ता से सम्मानित किया गया। मिथिला वाटिका होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने भागीदारी की। आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से युवाओं को शिक्षा और उद्यमिता की ओर प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदार सोच और मजबूत इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मिथिला क्षेत्र महिला सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां की महिलाएं स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। कार्यक्रम में राज्य सरकार से इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। प्राचीन काल से ही मिथिला की महिलाएं शिक्षा, समाज सुधार, राजनीति, कला और संस्कृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं। वर्तमान में बिहार और नेपाल के कुछ हिस्सों में फैला मिथिला क्षेत्र विद्वानों और कलाकारों की भूमि के रूप में विख्यात है। महिलाओं ने बताया कि पहले वे घूंघट में घर तक सीमित थीं, लेकिन आज घर से निकलकर काम कर रही हैं, जो मिथिला के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## औंसी पुलिस ने 450 बोतल नेपाली देशी शराब की जब्त

**बिस्फी** औंसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर औंसी बिचला टोल से 450 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को सुबह औसी बीचला टोल में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी में औंसी बिचला टोल के आम बगीचा के उत्तर स्थित पोखर भिंडा के दक्षिणी छोर से प्लस्टिक मेंटर की बोरी में भरे 450 बोतल कुल मात्रा 135 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद की गई। शराब धंधेबाज का पता किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## खुटौना में तेली साहू समाज की बैठक संपन्न

**खुटौना** प्रखंड अंतर्गत खुटौना बाजार में श्री राम हार्डवेयर भवन में युवा भाजपा नेता हरि शंकर हरेंद्र के नेतृत्व में तेली साहू समाज की बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव डॉ पीतांबर साह भी शामिल हुए। मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के द्वारा मोती लाल प्रसाद जी को कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री बनाए जाने पर इधर बिहार के विकास पुरुष यशस्वी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के जन्म दिन बड़ी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस खुशी की लहर में उपस्थित सभी तेली साहू समाज के लोगों ने केक काट एक एक दूसरे को गुलाल अबीर लगा कर बाटे मिठाइयां। तेली साहू समाज में हर्ष देखी गई। इसके अलावे होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में डॉ पीतांबर साह, भाजपा युवा नेता हरि शंकर हरेंद्र, उप मुखिया संतोष कुमार साह, भाजपा नेता विजय शंकर, देवदत साह सहित अन्य एक दूसरे को दिल से दिल मिला कर हर्ष व्यक्त किया। मंत्री मोतीलाल प्रसाद को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस तेली साहू समाज द्वारा हर्ष एवं धन्यवाद समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता देवदत साह और मंच संचालन भाजपा युवा नेता हरि शंकर हरेंद्र ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोती लाल प्रसाद जी बहुत संघर्ष किया। लोगों को हृदय से हृदय मिलाने का काम किया है। हम लोगो को को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर एक बैठक कर के लोगों को जागरूक करना चाहिए। हम लोग चौथे स्थान पर हैं। बिहार में तेली साहू समाज को जागृत करना अनिवार्य है। अगामी विधानसभा चुनाव में तेली साहू समाज से एक उम्मीदवार होना चाहिए। संतोष कुमार साह संबोधित करते हुए कहा कि तेली साहू समाज ढलने वाले नहीं है। लौकहा विधान सभा क्षेत्र में अगामी चुनाव में तेली साहू समाज के उम्मीदवार हो तो हम लोग उन का सहयोग कर के विधायक बनाने का काम करेंगे। हरि शंकर हरेंद्र ने कहा कि राजनीतिक चेतना बदलना होगा। तेली साहू समाज को जागरूक होना होगा। आने वाली जो हमारी 3 प्रतिशत आबादी है। 55 हजार तेली साहू समाज के लोग हैं। इस लिए लौकहा विधान सभा क्षेत्र से अगामी चुनाव में एक व्यक्ति को टिकट मिलना चाहिए। हम लोग संकल्प ले कि जो व्यक्ति टिकट लेकर आए तो उन सहयोग करना उपस्थित सभी लोगों ने तेली साहू समाज उत्थान के लिए अपना अपना विचार रखें।

## जिला आबकारी विभाग के पदाधिकारी की गाड़ी खाजेडीह गांव पहुंचा

**लदनियां** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर जिला आबकारी विभाग के पदाधिकारी की ओर से छापेमारी की गई। इस क्रम में टीम खाजेडीह गांव पहुंचा। जहां संदेह होने पर गांव में एक बाइक सवार को शक के आधार पर जांच पड़ताल करने का प्रयास किया गया। इस बात से आक्रोशित खोजा गांव के कुछ अज्ञात युवकों ने टीम पर रोड़ेबाजी कर दी। इस घटना में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना रविवार दोपहर के बाद की है। इसके बाद विभाग के एएसआई ने आवेदन देकर अज्ञात युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि जिस युवक का पीछा किया जा रहा था। वह बाइक छोड़कर भाग गया। विभाग के लोगों ने उसका पीछा किया। इसी क्रम में किसी से बहस हो गई। आक्रोशित युवकों ने विभाग की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में अज्ञातों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले का अनुसंधान जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराई, दर्दनाक मौत

**खुटौना** थाना क्षेत्र में छार्रापट्टी गांव के समीप एसएच 51 पर शनिवार देर रात एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराई। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम ( 29 ) वर्षीय राहुल पासवान है। जो सत्यनारायण पासवान के पुत्र बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक फाइनेंस कंपनी के कर्मी थे। वे शनिवार देर रात को खुटौना से वापस अपने घर जा रहे थे। बताया गया है कि वे खुद तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। नियंत्रण बिगड़ने पर पुल की रेलिंग में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो जाने की बात सामने आई है। मृतक की पहचान अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र के मदना गांव के निवासी के रूप में हुई है। खबर मिलने पर खुटौना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को खुटौना सीएचसी लाया गया। जहां डा. विमल बिहारी ने घायल व्यक्ति की जांच कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण पर आयोजित सेमिनार में गरीबों को निःशुल्क भोजन कराने वाले जयनगर रोटी बैंक को वैभव सम्मान से नवाजा गया



**जयनगर** मधुबनी में लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण पर आयोजित विशेष सेमिनार में जयनगर रोटी बैंक को वैभव सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान रोटी बैंक के सदस्य पीयूष कुमार को प्रदान किया गया। पीयूष कुमार ने बताया कि उनकी संस्था पिछले सात वर्षों से स्टेशन परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों गरीबों को निःशुल्क भोजन करवा रही है। उन्होंने यह सम्मान सभी सदस्यों और दाताओं को समर्पित किया। मिथिला वाटिका होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आईजी विकास वैभव ने कहा कि भूखे को भोजन कराना पुण्य कार्य है। रोटी बैंक इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव युवाओं को शिक्षा और उद्यमिता की ओर प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदार सोच और मजबूत इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। रोटी बैंक के युवा सदस्य समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता निभाते रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने से उन्हें और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है। इस सम्मान से जयनगर के लिए गौरव की बात है। रोटी बैंक के सभी सदस्यों में खुशी की लहर है।।

## प्रशांत किशोर का 100 दिन और 50,00,000 वाला प्लान! BJP के साथ नीतीश और लालू- तेजस्वी की उड़ी नींद

पटनाः बिहार में प्रशांत किशोर की पार्टी अब पूरी तरह से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। उससे पहले विशेष प्लान पर काम शुरू कर दिया गया है। जन सुराज पार्टी की ओर से जन सुराज विस्तार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उद्देश्य है बिहार में सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन को गति देना। इस अभियान के तहत अगले 100 दिनों में प्रतिदिन 1500 जन सुराज संवाद के तहत गांव-पंचायत में बैठक आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे प्रदेशभर में जनता को जागरूक करने तथा संगठन विस्तार को मजबूती मिलेगी।

100 दिन में 50 लाख सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक बैठक से कम से कम 50 सदस्य बनने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन बैठकों में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं, युवाओं, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों समेत अन्य वर्गों को विशेष तौर पर चिन्हित कर बैठकें आयोजित की जाएंगी। जन सुराज के नेताओं और पदाधिकारियों को दिन के कम 3 संवाद कार्यक्रम करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रशांत किशोर के आह्वान पर जन सुराज के नेता 2 मार्च से इस कार्यक्रम में लग गए हैं। कुल मिलाकर 100 दिनों में 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ देना है। पार्टी के मुताबिक जन सुराज ने पहले दिन ही अपने लक्ष्य को हासिल कर किया है और पूरे बिहार में अलग-अलग गांवों में 1500 से अधिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जन सुराज अभियान का उद्देश्य जनता के बीच संवाद स्थापित कर बिहार में एक बेहतर वैकल्पिक राजनीति की नींव रखना है। जन सुराज विस्तार अभियान के लक्ष्य के माध्यम से समाज के सभी वर्गों—महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, व्यापारी वर्ग समेत हर तबके को जोड़ने का प्रयास करेगा। जन सुराज विस्तार अभियान के तहत बिहार के प्रत्येक प्रखंड में हर दिन तीन जन सुराज संवाद बैठकें आयोजित की जाएगी, जिससे गांव-गांव तक इस अभियान की पहुंच बनेगी।

## विशेष जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना, मार्च से मई तक बरते सावधानी



**शिवहर** अब गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इनके ओर जृतलल्ल तेजी गति से पछिया हवा भी चलने लगी जिससे अगलगी की घटना में वृद्धि की संभावना को देखते हुए विशेष जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

प्रभारी अग्निशमन पदाधिकारी पिंटू कुमार ने बताया कि विशेष जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। लोगो से अपील की गई की मार्च से लेकर मई तक सावधानी बरतें। सुबह का खाना 09 बजे से पहले और रात का खाना शाम 07 बजे से पहले बनाकर रख ले, खाना बनाने के बाद चूल्हा को पूरी तरह से बुझा दे और गैस सिलेंडर को बन्द कर दे,घर मे मौजूद बच्चों के हाथ मे ज्वलनशील प्रदार्थ नही दे। आम लोगो से अपील किया गया है कि अत्र तत्र सिगरेट पीकर नही फेंके। कही भी अगलगी की घटना होती है तो तुंरन्त अग्निशमन विभाग को डायल-112 पर सूचना दीजिये।

## तेली अधिकार सम्मेलन व सम्मान समारोह में डॉ राम बहादुर गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत



**शिवहर** डॉ रामबहादुर प्रसाद गुप्ता बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय तेल महासभा सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंचायती राज्य प्रकोष्ठ ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू जी एवं साथ साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री दिलीप जयसवाल का पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल मे अखिल भारतीय तेली महासभा के अधिकार रैली के शुभ अवसर पर अंग वस्त्र भेंट कर पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया है।

## पैक्स संघ के जिलाध्यक्ष ने डीएम से जिला में कार्यालय खोलने की मांग



**शिवहर**पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष तथा पोझिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जिला में पैक्स अध्यक्ष कार्यालय की व्यवस्था कराई जाए ताकि जिले भर के सभी पैक्स अध्यक्ष वहां बैठकर अपने-अपने समस्याओं को निपटाया जा सके। सभी पैक्स अध्यक्षों से पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने आग्रह किया है कि वह जल्द से जल्द सीएमआर की आपूर्ति एसएफसी को कर दे। ताकि समिति को लाभ हो सके। जिलाध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने बताया कि सहकारिता भी क्षेत्र में बदलाव की योजना पर काम कर रही है। हम लोग भी इस क्षेत्र में किसानों एवं पैक्स अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बेहतर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 53 पैक्स अध्यक्ष है। कार्यालय खोला जाए ताकि पैक्स अध्यक्ष बैठकर अपना-अपना काम निपटा सके। मौके पर विशंभरपुर पैक्स अध्यक्ष अमरेश कुमार,अंबा दक्षिणी के पैक्स अध्यक्ष व व्यापार मंडल कृष्ण कुमार सिंह, फुलकहां पैक्स अध्यक्ष हरिशंकर महतो, वसैहिया पैक्स अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, माली पोखारभिंडा पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा, व्यापार मंडल अध्यक्ष छतौनी मोहन सिंह, खुरपति पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी पैक्स अध्यक्षों ने जिला में पैक्स अध्यक्ष संघ का कार्यालय खोलने की मांग की है।

## हथियार के साथ पैक्स अध्यक्ष और पूर्व मुखिया समेत 14 गिरफ्तार, औरंगाबाद में फर्जी DTO गिरफ्तार

**पटनाः** दरभंगा के सिमरी थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दर्दनाक मामला सामने आया है। कॉलेज जाने के दौरान एक पहचान वाले युवक ने उसका अपहरण कर लिया और फिर उसके साथ बलात्कार किया। गंभीर हालत में युवती को मेड़ीवर्ल्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पृथ्वी राज को गिरफ्तार कर लिया है। युवती की माँ ने सिमरी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए DMCH भेज दिया है।

**नालंदा में 14 गिरफ्तार** नालंदा के नगरनौसा थाना पुलिस ने खपूरा गाँव में छापा मारा। पूर्व मुखिया के घर में डकैती की योजना बना रहे छह बदमाश पकड़े गए। चार नाबालिग भी पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस को एक कट्टा, चार कारतूस, दस मोबाइल और ताला तोड़ने का कटर मिला। गिरफ्तार बदमाशों में पूर्व मुखिया का बेटा भी शामिल है। यह घटना नगरनौसा थाना क्षेत्र के खपूरा गाँव की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्व मुखिया के घर में कुछ लोग डकैती की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत छापेमारी की। छापेमारी में छह बदमाश और चार नाबालिग पकड़े गए।

**पूर्णिया में विवाहिता की हत्या** पूर्णिया में एक महिला की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। यह घटना आज रिजवान मस्जिद के पास, सहायक खजांची थाना क्षेत्र में हुई। ससुराल वालों ने मिलकर महिला को बेरहमी से पीटा और गला दबाकर उसकी जान ले ली। मृतक की पहचान रूमी प्रवीण के रूप में हुई है। वह भोकराहा गांव (के नगर थाना क्षेत्र) की रहने वाली थी। उसके पिता का नाम मोहम्मद मतिहूर रहमान है। घटना की जानकारी मिलते ही रूमी के परिवार वाले मौके पर पहुँच गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। **औरंगाबाद में फर्जी अधिकारी गिरफ्तार** औरंगाबाद में NH-19 पर एक फर्जी DTO और उसके दो साथी ट्रक चालकों से अवैध वसूली करते पकड़े गए। बारुण थाने की पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ये लोग ट्रक रोककर कागज़ातों की जांच के बहाने जुर्माना वसूल रहे थे। गश्त कर रही पुलिस को उनकी पेनाल्टी रसीद पर शक हुआ, जिसके बाद उनकी पोल खुल गई। पूछताछ में उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। सारण पुलिस ने इसुआपुर में बड़ी कार्रवाई की है। 7 अपराधियों को हथियार, स्मैक और 4,50,800 नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। ये अपराधी अपराध की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार लोगों में एक सुनार और एक सोना गलाने वाला कारीगर भी शामिल है। ये चोरी का सोना बेचने का काम करते थे। आरोपियों ने बनियापुर में हुई चोरी की घटना को कबूल किया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शिवहर** स्थानीय नवाब हाई स्कूल के पास मुजफ्फरपुर रोड स्थित बालू मंडी के पास लाइफलाइन हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें दर्जनों मरीज पहुंचकर निःशुल्क जांच एवं दवा प्राप्त कर रहे हैं।

लाइफलाइन हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ अभिषेक आनंद एवं डॉ वंदना ने बताया है कि हमारे यहां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। तथा विभिन्न प्रकार के बीमारियों की जांच कर बीमारी से निजात पाने के लिए दवा भी निःशुल्क दिया जा रहा है। इस शिविर में छाती दर्द, पेट, डायबिटीज, बीपी,






थायराइड, दमा ,एलर्जी, किडनी एवं गठिया जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। डॉ आनंद ने एक बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया है कि एलर्जी राइनाइटिस के कई प्रकार है। मौसमी एलर्जिक रायनाइट्स तथा बारहमासी एलर्जिक राइनाइटिस आमतौर पर लक्षण विशिष्ट मौसम के दौरान होते हैं। जब आप एलर्जन्स दूर होते हैं तब लक्षणों में सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि बाहर जाते समय मास्क पहने, धुआं और सुगंध से बचे। शिविर में सीतामढ़ी तथा शिवहर के दूर दराज के मरीज भी पहुंचकर जांच कर कर निशुल्क दवा ले रहे हैं। डॉ अभिषेक आनंद ने बताया है कि लाइफ लाइन हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा का वितरण प्रत्येक रविवार को किया जाएगा।

## रोहित के नेतृत्व में शिवहर हेमन ट्रॉफी की टीम सीतामढ़ी के लिए रवाना

▶ मिथिला जोन में शिवहर के अलावा सीतामढ़ी, मधुबनी, मुज़फ्फरपुर एवं दरभंगा की टीम है शामिल

**शिवहर** बिहार क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित हेमन ट्रॉफी-2025 (सिनियर मेंस) में भाग लेने के लिए कैप्टन रोहित के नेतृत्व में शिवहर की 15 सदस्यीय टीम आज सीतामढ़ी के लिए रवाना हुई। टीम के शेष सदस्यों में उप कैप्टन मनीष सिंह, शिवम झा, मो जहांगीर, आदित्य पांडेय, अतुल, संजय भास्कर, कृष्ण कुमार, रवि रंजन, अखिलेश मिश्रा, अजीत यादव, आकाश सिंह, आयुष, शुभम एवं अनिरुद्ध का चयन किया किया गया है। टीम के साथ टीम मैनेजर आशीष सिंह एवं कोच मृत्युंजय सिंह उपलब्ध रहेंगे। टीम रवानगी के समय जिला क्रिकेट संघ के सचिव नवीन कुमार ने बताया कि मिथिला जोन में शिवहर की टीम हेमन ट्रॉफी अंतर्जिला प्रतियोगिता का अपना पहला मैच 3 मार्च को मधुबनी से, दूसरा मैच 4 मार्च को मुजफ्फरपुर से, तीसरा मैच 12 मार्च को दरभंगा से एवं चौथा मैच 13 मार्च को सीतामढ़ी से खेलेगी ।

इस बार बिहार क्रिकेट संघ ने हेमन ट्रॉफी और अंडर 23 के सभी एकदिवसीय मैच रंगीन ड्रेस और




उजली गेंद से कराने का निर्णय लिया है। टीम रवानगी के समय सभी खिलाड़ी शिवहर क्रिकेट संघ की नयी जर्सी में नजर आए । शहर से बाहर होने के कारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गिरीश नंदन सिंह प्रशांत ने दूरभाष पर हीं टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं।

सचिव नवीन कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह हीं टीम काफी मजबूत है और खिलाड़ियों ने जिला लीग से लेकर सिनियर मेंस सेलेक्शन कैंप तक काफी मेहनत की है, जिसका फायदा निश्चित रूप से मिलेगा और शिवहर की टीम अपने ग्रुप में बेहतर प्रदर्शन करेगी । सारे मैच एकदिवसीय फॉर्मेट के अनुसार 50-50 ओवर के होंगे और सीतामढ़ी के जानकी स्टेडियम में नवनिर्मित टर्फ विकेट पर खेले जाएंगे।

## प्रभारी मंत्री ने साक्षमता परीक्षा 2 उत्तीर्ण के विशिष्ट शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति प्रमाण पत्र किया वितरण

▶ विधायक चेतन आनंद ने कहा ड्रीम प्रोजेक्ट हो रहा कंप्लीट

▶ जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा यह नियुक्ति पत्र नहीं जिम्मेदारी मिल रही है

**शिवहर** समाहरणालय के संवाद कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री सह प्रभारी मंत्री जमा खां के द्वारा साक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण के विशिष्ट शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपा है। मौके पर विधायक चेतन आनंद, डीएम विवेक रंजन मैत्रेय, जिला परिषद अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ छोटा विजय, एडीएम मेधावी, एसडीपीओ सुशील कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ, जनसंपर्क पदाधिकारी आफताब करीम रहे मौजूद। कार्यक्रम से पूर्व प्रभारी मंत्री एवं विधायक चेतन आनंद को जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के द्वारा एवं एडीएम मेधावी ने जिला परिषद अध्यक्ष को स्वागत गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी एवं उनकी पूरी टीम भी रहे मौजूद। डीएम ने बताया कि शिवहर जिले में 1019 नियोजित शिक्षकों को औपबंधिक प्रमाण पत्र दिया जाना है। मात्र 100 शिक्षकों को दिया गया है। शिवहर जिला अंतर्गत स्थानीय निकाय के साक्षमता परीक्षा 2 उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करने वाले विशिष्ट शिक्षकों की औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण हेतु एक सभा का आयोजन किया गया है। गौरतलब हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने सक्षमता परीक्षा 2 के नतीजे जारी करने के उपरांत पूरे बिहार में कक्षा 1 से 5 में 81.45%, कक्षा 6 से 8 में 81.41%, कक्षा 9 से 10 में 84.20%, और कक्षा 11 से 12 में 71.4% शिक्षक पास हुए हैं। पूरे बिहार में 59128 प्रमाण पत्र



दिए जा रहा है। शिवहर में 1019 शिक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया जाना है। जिसमें से 100 लोगों को सभागार में दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया है कि यह परीक्षा 23 से 26 अगस्त 2024 के बीच पूरे बिहार में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 85 हज़ार नियोजित शिक्षक शामिल हुए थे। यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। कुछ विषयों की दोबारा परीक्षा 13 नवंबर 2024 को आयोजित की गईं थी। प्रभारी मंत्री ने रिजवान कौसर, मोहम्मद शमशाद तबरेज ,श्वेता कुमारी, सुनीता कुमारी ,अमिता कुमारी ,कुमारी कंचन , चंद्रशेखर भाटिया ,विभूति कुमार ,अंजन कुमारी ,आरती कुमारी सहित 20 शिक्षकों की सूची के अनुसार औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया है। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा 80 शिक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किया गया है।

## अपनी मांगों को लेकर भूमि दाता नल जल अनुरक्षक समिति की हुई बैठक, तरियानी प्रखंड अध्यक्ष बने विजय कुमार चौधरी

**शिवहर** नल जल भूमि दाता अनुरक्षक की एक आम सभा रविवार को तरियानी प्रखंड के युगल किशोर जय मंगल महाविद्यालय के प्रांगण में जिला अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । जिसमें तरियानी प्रखंड स्तरीय नल जल भूमि दाता संघ का गठन किया गया, जिसमें तरियानी प्रखंड अध्यक्ष के लिए विजय कुमार चौधरी,उपाध्यक्ष मंजय कुमार,सचिव शमशाद आलम,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी वकील कुमार,को चयन किया गया। बैठक के मे सर्व समिति से प्रस्ताव पारित करते हुए, सरकार, पंचायती राज विभाग के, अधिकारियों से मांग की गई की सभी भूमि दाता अनुरक्षक के वास्तविक बकाया मानदेय का भुगतान 31 मार्च 2025 तक सुनिश्चित किया जाए नहीं तो 1 अप्रैल 2025 से नल जल का संचालन का कार्य बंद कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकारी जिला प्रशासन को होगी। मानदेय का भुगतान नियमित रूप से हो, इस संबंध में भी पंचायती राज विभाग से आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चिय योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत हर घर को नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है।



इसका सफलतापूर्वक से पालन अनुरक्षक ही करते हैं। काम नहीं तो वेतन नहीं सरकार की नीति है। ठीक उसी तरह वेतन नहीं तो काम नहीं का भी सिद्धांत है। इस महत्वपूर्ण योजना के सफल संचालन के मार्ग में, पंचायती राज विभाग उदासीन है।

मौके पर ललित कुमार चौधरी पिपराही प्रखंड अध्यक्ष,संजय कुमार गुप्ता पुरनहिया प्रखंड अध्यक्ष,अनिल कुमार सिंह शिवहर प्रखंड अध्यक्ष, दीपक मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष डुमरी कटसरी,उपस्थित हुए।

# कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे जिले के समस्त राजस्व कर्मचारी

**शिवहर** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट) के अह्वान पर अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर जिला के समस्त राजस्व कर्मचारी 4 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना पर चले जाएंगे। एक सर्व सहमति से बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ जिला शाखा शिवहर के अध्यक्ष अनुज कुमार ,सचिव आशीष कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार को चुना गया। जिसमें सभी सदस्य राजस्व कर्मचारी विवेक कुमार ,निरंजन कुमार, अमित कुमार, भोला साह, लालदेव कुमार



यादव, दिनेश कुमार शर्मा ,अर्जुन कुमार, रूपेश कुमार, सुशील कुमार शर्मा, कुंदन कुमार ,सुभाष प्रसाद गुप्ता एवं अन्य शामिल हुए।

राजस्व कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि विगत ढाई वर्षों से आधुनिक तकनीक के माध्यम से राजस्व कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है किंतु कार्य के अनुरूप सम्मानजनक वेतन एवं अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया है कि राजस्व कर्मचारियों के मुख्य मांगों में गृह जिला में पदस्थापन, वेतन ग्रेड पे 2800 रुपया करने, यात्रा भत्ता देने सहित कई मांगे शामिल है। पांचो अंचल के समस्त राजस्व कर्मचारी संयुक्त हस्ताक्षर पत्र अंचल अधिकारी एवं समाहर्ता को देखकर धरना में पटना जाने तथा अंचल मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की जानकारी दी है।

## थाने में जब्त स्कूटी चोरी कर फर्राटा भरती थी महिला सिपाही! दरभंगा एसपी के एक्शन से जिला पुलिस में हड़कंप

**बिहार के दरभंगा जिले में कर्तव्य में लापरवाही और कोताही के अलावा एक महिला सिपाही की करतूत से आहत होकर एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी ने कठोर एक्शन लिया है। एसएसपी ने महिला सिपाही, एक दारोगा और एक मुंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ एक्शन लेते ही जिले में हड़कंप मच गया है।**

**दरभंगाः** जिले के एसएसपी ने कर्तव्य में लापरवाही के मामले को लेकर बड़ी कार्यवाई की है। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने एक साथ तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने मब्बी थानाध्यक्ष दीपक कुमार सहित लहेरियासराय थाना के मुंशी ओमप्रकाश और एक महिला सिपाही रम्भा कुमारी को निलंबित कर दिया है। महिला सिपाही रम्भा कुमारी पर गंभीर आरोप लगा है। एसएसपी ने घटना का पता चलते ही संज्ञान लिया। **दरभंगा में हड़कंप** बताया जा रहा है कि लहेरियासराय थाना में पदस्थापित महिला सिपाही रम्भा कुमारी ने वाहन चेकिंग में जब्त की गई स्कूटी को थाना परिसर से गायब कर दिया था। उसके बाद खुद उसकी सवारी कर रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने मामले की जांच का जिम्मा लहेरियासराय थानाध्यक्ष दीपक कुमार को दिया। जांच के दौरान थानाध्यक्ष ने महिला सिपाही रम्भा कुमारी के घर से स्कूटी को बरामद कर लिया। सिपाही ने पूछताछ में बताया कि वह मुंशी ओमप्रकाश के कहने पर स्कूटी ले गई थी।

**दरभंगाः ट्रेन टिकट मांगने पर टीसी से मारपीट करने वाली महिला सिपाही को जेल, आरोपी ने भी खेला ये दांव**

उधर, मब्बी थानाध्यक्ष पर आठ फरवरी को गायब हुए भोला राम के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने एसपी को इसके लिए आवेदन दिया था। एसपी ने आवेदन पर विचार करने के बाद मब्बी थानाध्यक्ष दीपक कुमार को प्राथमिकी तक दर्ज नहीं करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। एसएसपी द्वारा एक साथ तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर देने से पुलिस कर्मियों के बीच हड़कम्प मच गया है।

**पटनाः महिला सिपाही ने साथी जवान पर लगाया रेप का आरोप, बिहार पुलिस में हड़कंप**

**एसएसपी का बयान** एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने कहा कि दो-दो अलग अलग मामले में मब्बी थानाध्यक्ष दीपक कुमार सहित लहेरियासराय थाना की एक महिला सिपाही और एक मुंशी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष को निलंबित करने का कारण काफी गंभीर है। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी। वहीं महिला सिपाही ने कर्तव्य में लापरवाही की और थाने से स्कूटी गायब किया। मुंशी ने उसका सहयोग किया। इसलिए मुंशी को भी निलंबित कर दिया गया है।

## मुसलमानों को बीजेपी से जोड़ना मकसद नहीं... फिर सूफी कार्यक्रम में पीएम मोदी के जाने का संदेश क्या है?

***दिल्ली में 25वीं जश्न-ए-खुसरो कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 13वीं सदी के सूफी कवि और संगीतकार अमीर खुसरो की तारीफ की और सूफी परंपरा की प्रशंसा की। उन्होंने सूफी विचारधारा को भारतीय इस्लाम के सार के रूप में बताया। भाजपा का इस कार्यक्रम के जरिए सुफी खानकाहों से जुड़े लोगों तक पहुंचने का प्रयास।***




*__नई दिल्लीः__ दिल्ली में जहां-ए-खुसरो के 25वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूफी परंपरा और 13वीं सदी के सूफी कवि और संगीतकार अमीर खुसरो की खूब तारीफ की। उन्होंने सूफीवाद को भारत की बहुलतावादी विरासत बताया। उन्होंने कहा कि सूफी संत कुरान की आयतें पढ़ते थे और वेदों को भी सुनते थे। पीएम मोदी का सूफी सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिया गया भाषण सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (BJP) के देश में सूफी परंपरा से जुड़े लोगों तक पहुंचने के लगातार प्रयासों के अनुरूप है। इस आउटरीच के हिस्से के रूप में, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 2022 से देश भर के सूफी खानकाहों या स्थलों से जुड़े 14 हजार लोगों को साथ लाया है।*

*__भारत में सूफीजम को इस्लाम का चेहरा बनाने का प्रयास__ बीजेपी नेताओं का कहना है कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार सूफीवाद को भारतीय इस्लाम के सार के रूप में पेश करना और इसकी बहुलतावादी परंपराओं को उजागर करना है। मध्ययुगीन मुस्लिम कवियों में भगवान कृष्ण जैसे हिंदू देवताओं के प्रति श्रद्धा के उदाहरण सामने हैं। न्यूज पोर्टल द इंडियन एक्सप्रेस ने बीजेपी माइनॉरिटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी से बात की। उन्होंने कहा, 'इस कार्यक्रम के जरिए पीएम ने एक संदेश दिया है कि मुसलमानों को समझने की कोशिश करनी चाहिए।' __...ताकि भोथरी हो मुस्लिम कट्टरता की धार__ सिद्दीकी ने कहा, 'सूफीवाद भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और हठधर्मिता का मुकाबला करने और शांति को बढ़ावा देने में योगदान दे सकता है। इसका उद्देश्य मनुष्यों का ईश्वर से सीधा संबंध प्रदान करना है, जिसे विभिन्न लोगों द्वारा अल्लाह, राम, कृष्ण, क्राइस्ट या वाहे गुरु के रूप में पूजा जा सकता है।' उन्होंने कहा कि भारत में सूफीवाद के पतन के बाद, 'कट्टरता बढ़ी है'। 'यह कट्टरता मुसलमानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। सूफीवाद समुदाय की सीमाओं के तहत काम नहीं करता। गंगा जमुनी तहजीब (बहुलतावादी संस्कृति) इसकी आत्मा है।' __मुसलमान केंद्रित कई अभियान__ अपने पसमांदा मुस्लिम आउटरीच की तरह, बीजेपी का सूफीवाद पर ध्यान केंद्रित करना देश के सबसे बड़े धार्मिक अल्पसंख्यक को ध्यान में रखते हुए इसका समानांतर आउटरीच कार्यक्रम है। 2023 में लखनऊ में बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने सूफी संवाद महाअभियान या सूफी संवाद के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया, जहां 100 से अधिक दरगाहों के लगभग 200 सूफी मौजूद थे। उनसे मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं को आम मुसलमानों तक पहुंचाने का आग्रह किया गया। फिर पूरे भारत के 22 राज्यों में सूफियों तक पहुंचने के लिए विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया। 2023 के लखनऊ सम्मेलन में एक नारा गढ़ा गया, 'न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है।' __मकसद- बस विरोध की आवाज कमजोर पड़े__ बीजेपी माइनॉरिटी मोर्चा के एक नेता ने कहा कि प्रस्ताव सूफियों को पार्टी में शामिल कराने का नहीं था। इसके बजाय, उनके साथ बातचीत शुरू करना था ताकि आम मुसलमानों से जुड़ा जा सके। उन्होंने कहा, 'इस प्रयास में पार्टी को उन समस्याओं या मांगों के बारे में पता चलता है जिनका वे सामना करते हैं, और इन्हें सरकार तक पहुंचाया जा सकता है।' मुस्लिम समुदाय कभी बीजेपी का समर्थक नहीं रहा है क्योंकि वे इसे केवल बहुसंख्यक समुदाय के हितों के लिए समर्पित पार्टी के रूप में देखते हैं। हालांकि, पार्टी के नेताओं का कहना है कि देश में हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग पहले से ही इसके प्रभाव में है, भाजपा धीरे-धीरे मुसलमानों तक भी पहुंचने की कोशिश कर रही है। __जाति तो मुसलमानों में भी__ भाजपा का पसमांदा अभियान पिछड़े वर्ग के मुसलमानों के उद्देश्य से है, जबकि इस बात को प्रॉजेक्ट करता है कि जाति केवल हिंदुओं की समस्या नहीं है, बल्कि भारत में सभी समुदायों में व्याप्त है। पार्टी का सूफी आउटरीच उन मुसलमानों के वर्गों तक पहुंचने के लिए है जिन्हें 'अधिक समावेशी' के रूप में देखा जाता है। मोदी ने सूफियों को याद करवाई वो बात शुक्रवार के सूफी कार्यक्रम में अपने भाषण में, पीएम मोदी ने याद किया कि कैसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सरखेज रोजा को पुनर्स्थापित किया था। यह अहमदाबाद में एक सूफी मस्जिद और मकबरा परिसर है।*

# 8000 रुपये लोन लेकर शुरू किया काम, आज 800 करोड़ की मालकिन, कैसे शौक को बिजनेस में बदल दिया?



**मीना बिंद्रा ने 40 साल की उम्र में अपने सिलाई के शौक को व्यवसाय में बदल दिया। उन्होंने 1983 में मुंबई में अपने पति की मदद से 8000 रुपये का लोन लेकर सूट बनाने शुरू किए। उनकी मेहनत और सूझबूझ से बीबा ब्रांड ने सफलता पाई। आज यह एक बड़ा नाम है।**

**नई दिल्लीः** मीना बिंद्रा कभी सिर्फ गृहिणी हुआ करती थीं। उन्होंने 40 साल की उम्र में अपने सिलाई के शौक को बिजनेस में बदल दिया। आज उनकी कंपनी 'बीबा' 800 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कारोबार करती है। मीना बिंद्रा ने घर से ही सिंपल सूट बेचकर बीबा की शुरुआत की थी। आज बीबा भारत के टॉप एथनिक कपड़ों के ब्रांड में से एक है। मीना बिंद्रा ने न सिर्फ बिजनेस की दुनिया में अपना नाम कमाया है। अलबत्ता, कई और महिलाओं को भी कारोबार शुरू करने की प्रेरणा दी है। आइए, यहां मीना बिंद्रा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**20 की उम्र में हो गई शादी**

मीना बिंद्रा का जन्म और पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद 20 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई। एक आम गृहिणी की तरह मीना ने अपने दोनों बेटों संजय और सिद्धार्थ को पाला। 40 साल की उम्र में जब उनके बच्चे बड़े हो गए तो उन्होंने घर से ही 'सिंपल कॉटन प्रिंटेड सूट' बेचना शुरू किया। उस समय उनके पास न कोई प्रोफेशनल ट्रेनिंग थी। न ही कोई ज्यादा जानकारी। मुंबई में रहते हुए मीना ने 1983 में अपने भाई के खाली फ्लैट में एक एग्जीबिशन लगाई। वहां उन्होंने खुद के सिले हुए सूट बेचे। पहली ही एग्जीबिशन में उन्हें जोरदार सफलता मिली। उनके सूट लोगों ने हाथोंहाथ खरीदे।

**8000 रुपये के लोन से शुरू हुआ सफर** मीना बिंद्रा के पति ने बिजनेस की शुरुआत में उनकी मदद की। बैंक से 8000 रुपये का लोन दिलाया। यह मीना के बिजनेस के लिए शुरुआती पूंजी थी। उन्होंने सिंपल सूट बनाए थे, जिन पर ब्लॉक प्रिंट किया था। मीना ने अपने निवेश का आधा पैसा भी खर्च नहीं किया था कि प्रदर्शनी में उनके ज्यादातर सूट बिक गए और उनका पैसा लगभग दोगुना हो गया। धीरे-धीरे मीना को मुंबई के बड़े-बड़े स्टोर्स से ऑर्डर मिलने लगे, जो फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में भी काफी मशहूर थे। उनके सूट हर जगह छा गए और सही वजहों से चर्चा का विषय बने।

**आज 800 करोड़ का साम्राज्य** पंजाबी में 'बीबा' शब्द का इस्तेमाल मुख्य रूप से प्यारे से नाम के रूप में किया जाता है। यह आमतौर पर लड़की या महिला के लिए स्नेहपूर्ण संबोधन होता है। बीबा ब्रांड को बॉलीवुड में पहला ब्रेक तब मिला जब किशोर बियानी ने फिल्म 'न तुम जानो न हम' में एक पार्टनरशिप के लिए उनसे संपर्क किया। इसके बाद तो ब्रांड ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज बीबा के 300 से भी ज्यादा ब्रांड आउटलेट्स हैं और 275 मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स हैं। इनका कुल रेवेन्यू 800 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है।

**कई पुरस्कारों से किया जा चुका है सम्मानित** बीबा और देश की एथनिक अपैरल इंडस्ट्री में योगदान के लिए मीना बिंद्रा को 2015 में क्लोदिंग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) ने एपेक्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। 2012 में बिबा को इमेजेस अवार्ड्स में 'बेस्ट एथनिक वियर ब्रांड फॉर वीमेन' के खिताब से नवाजा गया। बीबा का प्रभाव सिर्फ फिजिकल स्टोर्स तक ही सीमित नहीं है। ब्रांड ने अपने ई-कॉमर्स पोर्टल biba.in के साथ डिजिटल युग को अपना लिया है। इससे देशभर से ग्राहक इसके प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। मीना बिंद्रा का गृहिणी से एक सफल उद्यमी बनने का सफर अनगिनत लोगों के लिए प्रेरणा है। उनकी कहानी दृढ़ता, जुनून और जोखिम लेने की इच्छा के महत्व पर जोर देती है।

# क्या आपके घर में बीमार शख्स सही नहीं हो रहा? कहीं नकली दवाएं तो नहीं बन रहीं कारण, जानें पूरा

**क्या आप या आपके घर में कोई शख्स बुखार या किसी दूसरे कारण से बीमार है? लगातार दवाइयां खाने के बाद भी क्या वह सही नहीं हो रहा? कहीं ऐसा तो नहीं बीमार शख्स नकली दवाई खा रहा हो? दरअसल, मार्केट में इस समय नकली दवाइयों की भरमार है। ऐसे में दवाई खरीदारी में समझारी दिखाएं।**

**नई दिल्लीः** मौसम बदलने के साथ ही लगभग हर घर में कोई न कोई शख्स बीमार पड़ा है। सबसे ज्यादा मामले बुखार के आ रहे हैं। कभी दो-तीन दिन में सही होने वाले बुखार को भी उतरने में 8 से 10 दिन का समय लग रहा है। काफी लोगों में बुखार सही होने के बाद हाथ-पैरों में दर्द और खांसी के मामले सामने आ रहे हैं। जानकार इस मामले को दवाओं की खराब क्वालिटी से भी जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल, मार्केट में काफी संख्या में नकली दवाइयां मौजूद हैं। इन दवाओं के कारण मरीज या तो सही नहीं हो रहे हैं या उन्हें सही होने में ज्यादा समय लग रहा है। साथ ही जानकार यह भी मान रहे हैं कि नकली दवाओं के इस्तेमाल से मरीज को दूसरी बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं। ऐसे में इन दवाओं का इस्तेमाल काफी खतरनाक हो सकता है।

**पैरासिटामॉल समेत 50 से ज्यादा दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल, अगर आप भी ले रहे तो हो जाएं सावधान** केंद्र सरकार ने हाल ही में कई दवाओं पर बैन लगाया है। इनमें बुखार को उतारने वाली पैरासिटामोल भी शमिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने 50 से ज्यादा दवाओं को क्वालिटी टेस्ट में फेल कर दिया है। बुखार के अलावा इसमें बीपी, डायबिटीज और विटामिन की कुछ दवाएं




शामिल हैं। सीडीएससीओ ने इन दवाओं को सेहत के लिए खतरनाक बताया है। **बाजार में बिक रहीं नकली दवाएं** इन दिनों बाजार में नकली दवाओं की भरमार है। हाल ही में देश के कई हिस्सों से नकली दवाएं पकड़ी गई हैं। एक स्टडी के मुताबिक मार्केट में करीब 25 फीसदी दवाएं नकली हैं। इन दवाओं को कोई गुमनाम कंपनी बनाती है और नामी कंपनी का नकली लेबल लगाकर मार्केट में बेच देती है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि पैकेट में गोली के नाम पर चॉक पाउडर बेचा जा रहा है। **कई शहरों में मिलीं नकली दवाएं** देशभर में हो रही सप्लाई इन फैक्टरियों में बनने वाली दवाओं की देशभर में सप्लाई की जाती थी। पुलिस पूछताछ में लगी है कि इन्होंने कहां-कहां इनकी सप्लाई की है। अगर ये नकली दवाएं आपके इलाके के मेडिकल स्टोर पर आई हैं और आप मरीज को इन्हें दे रहे हैं तो मरीज का सही होना लगभग नामुमकिन है।

# भारतपे से अशनीर ग्रोवर का पूरी तरह पत्ता साफ! क्या था कोफाउंडर और कंपनी के बीच विवाद



**भारतपे और उसके कोफाउंडर रहे अशनीर ग्रोवर के बीच सुलह हो गई है। दोनों पक्षों ने इसकी पुष्टि की है। इसके मुताबिक अशनीर ग्रोवर पूरी तरह कंपनी से बाहर हो जाएंगे। वह कंपनी से किसी भी रूप में नहीं जुड़े रहेंगे और शेयरहोल्डिंग का भी हिस्सा नहीं होंगे।**

नई दिल्लीः डिजिटल पेमेंट कंपनी भारतपे और उसके कोफाउंडर रहे अशनीर ग्रोवर के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक दोनों पक्षों ने इसके लिए एक समझौता किया है। इसके मुताबिक अशनीर ग्रोवर पूरी तरह कंपनी से बाहर हो जाएंगे। वह कंपनी से किसी भी रूप में नहीं जुड़े रहेंगे और शेयरहोल्डिंग का भी हिस्सा नहीं होंगे। भारतपे के एक प्रवक्ता ने कहा कि अशनीर ग्रोवर के कुछ शेयर Resilient Growth Trust को ट्रांसफर कर दिए जाएंगे और बाकी शेयर उनका फैमिली ट्रस्ट ट्रांसफर करेगा। दोनों पक्षों ने एकदूसरे के खिलाफ दायर मामलों को आगे नहीं बढ़ाने पर सहमति जताई है। फिनटेक कंपनी ने अशनीर ग्रोवर और उनके परिवार पर 88.67 करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाया था। अशनीर ग्रोवर ने एक बयान में कहा कि उन्होंने भारतपे के साथ मामले को निपटाने के लिए एक समझौता किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे कंपनी के मैनेजमेंट और बोर्ड पर पूरा भरोसा है। वे कंपनी को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। मैं कपंनी की ग्रोथ और सफलता चाहता हूं। मैं अब किसी भी क्षमता में BharatPe से जुड़ा नहीं रहूंगा, न ही शेयरहोल्डिंग का हिस्सा रहूंगा। मेरे शेष शेयरों का प्रबंधन मेरे पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। दोनों पक्षों ने दायर मामलों को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। मुझे उम्मीद है कि BharatPe अपने सभी हितधारकों के लाभ के लिए आगे बढ़ता रहेगा और सफल होता रहेगा।'

**विवाद की शुरुआत** भारतपे और ग्रोवर के बीच विवाद की शुरुआत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी। तब एक ऑडियो क्लिप सामने आया था जिसमें कथित रूप से ग्रोवर और कोटक बैंक के एक कर्मचारी की आवाज थी। इसमें ग्रोवर बैंक कर्मचारी को कथित रूप से धमका रहे थे। इसके बाद ग्रोवर मार्च के मध्य तक वॉलंटरी लीव पर चले गए थे। कंपनी के बोर्ड ने इंडिपेंडेंट ऑडिट की घोषणा की। फरवरी में शुरुआती जांच में पाया गया कि ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन का संबंध गबन से था। कंपनी ने माधुरी जैन को बर्खास्त कर दिया। मार्च में ग्रोवर ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया। उसी साल दिसंबर में कंपनी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में ग्रोवर और उनके परिवार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसी महीने भारतपे ने ग्रोवर के खिलाफ दिल्ली पुलिस की EOW में एक आपराधिक शिकायत भी दर्ज की थी। इस बीच भारतपे ने ग्रोवर की रेस्टिक्टेड शेयरहोल्डिंग को वापस लेने के लिए एसआईएसी का रुख किया। पिछले साल जनवरी में ग्रोवर की शेयरहोल्डिंग्स को हासिल करने के लिए कंपनी के कोफाउंडर भाविक कोडालिया ने मुकदमा किया। फरवरी में अशनीर ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर कोलाडिया पर डेटा चोरी का आरोप लगाया। मार्च में कंपनी के एक और सह-संस्थापक शाश्वत नकरानी ने अनपेड शेयरों के लिए ग्रोवर को कोर्ट में घसीटा।

सीनियर अधिकारियों ने कंपनी छोड़ी

पिछले साल मई में EOW ने भारतपे की शिकायत पर ग्रोवर और उनके परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। नवंबर में EOW ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कंपनी के फंड का गबन करने के लिए एचआर कंसल्टेंसीज बनाई गई थीं। ग्रोवर और उनकी पत्नी के देश से बाहर जाने पर रोक लगाई गई। भारतपे और ग्रोवर के बीच चल रहे विवाद के बीच कई सीनियर अधिकारियों ने कंपनी को अलविदा कह दिया।

# गिरते बाजार में उछल गया अनिल अंबानी का सबसे महंगा शेयर, जानिए कहां से मिली गुड न्यूज



**शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट दिख रही है। लेकिन इस गिरावट के बीच अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में तेजी दिख रही है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया है।**

**नई दिल्लीः** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज गिरावट दिख रही है। बीएसई सेंसेक्स में शुरुआती कारोबार में करीब 650 अंक से अधिक गिरावट आई है। लेकिन अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में तेजी दिख रही है। शुरुआती कारोबार में यह 1.5% से अधिक तेजी के साथ 333.65 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 13,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस शेयर का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 350.90 रुपये है। पिछले हफ्ते यह इस स्तर पर पहुंचा था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ 780 करोड़ रुपये के मध्यस्थता विवाद के मामले में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पक्ष में फैसला सुनाया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और डीवीसी के बीच 780 करोड़ रुपये का विवाद था। मध्यस्थता में अनिल अंबानी के पक्ष में फैसला गया था जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने बरकरार रखा। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को 2008 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में 3,750 करोड़ रुपये में 1,200 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने का ठेका मिला था। विवादों और अन्य कारणों से परियोजना में देरी हुई। इसके कारण डीवीसी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर से हर्जाना मांगा। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने इसे चुनौती दी थी।

**कितना उछला शेयर** 2019 में आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने रिलायंस इन्फ्रा के पक्ष में फैसला सुनाया। उसने डीवीसी को कंपनी को 896 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। डीवीसी ने इसे कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। इस फैसले से कंपनी को शेयरों में आज तेजी दिख रही है। सुबह 10 बजे यह 1.55% की तेजी के साथ 327.95 रुपये पर कारोबार कर रहा था जबकि सेंसेक्स 660.33 अंक यानी 0.77% गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था।

# KRN Heat Exchanger IPO में मांगा था 341 करोड़, मिले 51857 करोड़ से भी ज्यादा, ऐसे जानें अलॉटमेंट स्टेटस




**डाइकिन जैसी जापानी कंपनियों के लिए हीट एक्सचेंजर बनाने वाली भारतीय कंपनी है आरएन हीट एक्सचेंजर। इसका आईपीओ पिछले सप्ताह प्राथमिक बाजार में आया था। निवेशकों ने इस आईपीओ पर खूब प्यार लुटाया था। आज इसका अलॉटमेंट स्टेटस तय हो सकता है।**

**नई दिल्लीः** आईपीओ बाजार में इस समय खूब रेकार्ड बन और बिगड़ रहे हैं। अब केआरएन हीट एक्सचेंजर के आईपीओ को ही देखिए। पिछले सप्ताह इसका निर्गम खुला था। आज इसके अलॉटमेंट को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इस आईपीओ को 214 गुना से भी ज्यादा अभिदान मिला था। इसलिए इसके अलॉटमेंट में कुछ ज्यादा ही मारामारी रहेगी। हम बता रहे हैं अलॉटमेंट स्टेटस जानने का तरीका।

**किस श्रेणी में कितना अभिदान** इस आईपीओ को एफआईआई श्रेणी में 253.04 गुना, एनआईआई श्रेणी में 431.63 गुना और रिटेल इनवेस्टर्स श्रेणी में 98.29 गुना ज्यादा अभिदान मिला था। कुल मिला कर इस इश्यू को 214.42 गुना ओवरसब्सक्रिप्शन मिला है।

**कैसे जान सकते हैं अलॉटमेंट हुआ या नहीं**

इसके निवेशकों को लॉटरी के आधार पर शेयर मिलेंगे। इसकी पूरी प्रक्रिया रजिस्ट्रार की निगरानी में होगी। इसके निवेशक बीएसई के माध्यम से या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर जाकर आवंटन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। यहां बताया गया है कि आप बीएसई या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर स्थिति की जांच कैसे कर सकते हैं।

**बीएसई की वेबसाइट पर कैसे जानें** सबसे पहले आपको बीएसई की वेबसाइट (https://www.bseindia.com/investors/appli_check.aspx) पर जाना होगा। इसके बाद आपको ड्रॉप डाउन में इश्यू का नाम, यानी कंपनी का नाम चुनना होगा।

इसके बाद अलॉटमेंट की स्थिति की जांच करने के लिए आवेदन संख्या या पैन नंबर दर्ज करें।

**रजिस्ट्रार के माध्यम से कैसे जानें** KRN हीट एक्सचेंजर IPO का रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज है। इसलिए आपको बिगशेयर सर्विसेज की वेबसाइट (https://ipo.bigshareonline.com/IPO_Status.html) पर जाना होगा। इसके बाद आप KRN हीट एक्सचेंजर IPO चुनें। वहां अपने पैन का विवरण दर्ज करें और स्थिति जानने के लिए सर्च पर क्लिक करें।

इस समय गैर-सूचीबद्ध बाजार में, कंपनी के शेयर 275 रुपये के GMP के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो कि निर्गम मूल्य से 125% अधिक है। इस कंपनी के शेयर के आगामी तीन अक्टूबर को एक्सचेंजों पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

**क्या करती है कंपनी** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन हीट वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन (एचवीएसी एंड आर) उद्योग के लिए फिन और ट्यूब प्रकार के हीट एक्सचेंजर्स के निर्माण में माहिर है। उनके उत्पाद मुख्य रूप से तांबे और एल्यूमीनियम जैसी अलौह धातुओं से बने होते हैं।

# इस बार फेस्टिव सीजन में क्या खरीद रहे हैं देश के आम लोग? जानकर हैरान रह जाएंगे आप

***देश में होने वाली कुल बिक्री में फेस्टिव सीजन का सबसे बड़ा योगदान होता है। इस मौसम में लोग खरीदारी करना शुभ माना जाता है। कंपनियों को भी पूरे साल इस सीजन का इंतजार रहता है। इस बार प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की ज्यादा मांग दिख रही है।***



*__नई दिल्लीः__ त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही फेस्टिव सेल की शुरुआत हो चुकी है। इस बार AI एनेबल्ड वाशिंग मशीन और स्मार्ट AC जैसे प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की भारी मांग दिख रही है। कई ब्रांड महंगाई के असर को कम करने और ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को खरीदारी के लिए आकर्षित करने के लिए कई तरह के ऑफर और लचीली पेमेंट स्कीम शुरू कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि आम लोगों की मांग में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। साथ ही अच्छे मॉनसून से भी ग्रामीण आय में आंशिक रूप से सुधार होने की उम्मीद है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वीपी कमल नंदी ने TOI को बताया कि इस साल प्रीमियम सेगमेंट ने सभी श्रेणियों में मजबूत वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक मास मार्केट स्थिर रहा है। उन्होंने कहा कि दिवाली तक चलने वाले त्योहारी सीजन के दौरान मास मार्केट में तेजी आनी चाहिए। अच्छे मॉनसून से खेती में बेहतर रिटर्न मिलता है और इससे मास मार्केट में डिमांड बढ़ती है। हमें उम्मीद है कि इसमें आगे चलकर और तेजी आएगी।*

*__किस्तों में भुगतान__ उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि प्रीमियम उत्पादों पर ब्रांड्स ग्राहकों को कई तरह के ऑफर और किस्तों में भुगतान की सुविधा दे रहे हैं। साथ ही महानगरों में लोग अपने प्रॉडक्ट को अपग्रेड करना चाहते हैं। यही वजह है कि प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। विजय सेल्स के डायरेक्टर नीलेश गुप्ता ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि पिछले साल की तुलना में मूल्य बिक्री में वृद्धि होगी। प्रीमियम उत्पादों की मांग पिछले साल की तुलना में अधिक बढ़ेगी।'*

*हायर अप्लायंसेज इंडिया को उम्मीद है कि इस बार त्योहारी सीजन 35% की सालाना वृद्धि के साथ समाप्त होगा। इसके प्रेजिडेंट अध्यक्ष एन एस सतीश ने कहा कि ओणम के साथ सीजन की शुरुआत के बाद से एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन की बिक्री अनुमानों से अधिक हो गई है। प्रीमियम उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के बीच ब्रांड को दिवाली में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। बाटा के लिए प्रीमियम एथलीजर और फैशन फुटवियर की मांग टियर-2 और -3 शहरों से भी आ रही है। बीजेपी सांसद ने लगाई है ई-कॉमर्स कंपनियों की फेस्टिव सेल रोकने की गुहार, क्या सुनेगी सरकार?*

*__महंगाई काबू में__ बाटा इंडिया के मुख्य रणनीति और व्यवसाय विकास अधिकारी बद्री बेरीवाल ने कहा कि उपभोक्ता ऐसे उत्पादों को चुन रहे हैं जो बेहतर मूल्य प्रस्ताव देते हैं, भले ही इसका मतलब अधिक कीमत हो। पिछली कुछ तिमाहियों में उपभोक्ता खर्च में कुछ नरमी देखी गई, लेकिन अब कई व्यापक आर्थिक संकेतक अनुकूल रूप से संरेखित हो रहे हैं। अच्छे मॉनसून के साथ महंगाई के नियंत्रण में आने से उपभोक्ताओं में आशावादी भावना पैदा होने लगी है।*

*वोल्टास को टियर दो और तीन क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ प्रदीप बख्शी ने कहा कि प्रीमियम के अलावा एंट्री लेवल का बाजार भी अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है। आभूषण ब्रांड जोयालुक्कास उपभोक्ताओं को गोल्ड रेट प्रोटेक्शन प्लान की पेशकश कर रहा है, जिसमें वे वाउचर और पुराने सोने के एक्सचेंज लाभों के अलावा 10% अग्रिम के साथ वर्तमान दरों को लॉक-इन कर सकते हैं। __994 रुपये की किस्त__ हायर भी बड़े पैमाने पर बाजारों में मांग को बढ़ावा देने के लिए 994 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई के साथ लचीली भुगतान योजनाएं पेश कर रहा है। मोंडेलेज के प्रवक्ता ने कहा कि शहरी मांग में तेजी और लचीले ग्रामीण क्षेत्रों ने महंगाई के दबाव के बावजूद त्योहारी मांग को बढ़ावा दिया है।*



# जैसी होगी नीयत वैसा ही पाएंगे परिणाम, जाने, ज्योतिष का ज्ञान और अकबर इलाहाबादी की जुबान

प्रसिद्ध शायर अकबर इलाहाबादी ने वर्षों पहले ही कह दिया था कि नीयत की खराबी के कारण लोगों को वह सब लाभ नहीं मिल पाता है, जिसके वह हकदार हैं। कभी-कभी ग्रहदशा भी सही होतीहै, तब भी व्यक्ति को लाभ नहीं मिल पाता है, यह ठीक वैसे ही है, जैसे डॉक्टरी जांच में सब कुछ सही आए, तब भी मरीज की बीमारी बनी रहे। आइए जानते हैं एक कहानी से कि कैसे नीयत में हो खोट तो किस्मत भी देती है चोट। नीति शास्त्र, कथा-कहानियों में अनेक दृष्टांत ऐसे मिलते हैं, जो ये बताते हैं कि नीयत की खराबी से बनते हुए काम भी बिगड़ जाते हैं। एक बार एक गरीब महिला भारी गठरी लेकर पैदल जा रही थी, तभी उसने देखा कि घोड़े पर सवार एक व्यक्ति बगल से निकल रहा था। उस समय गांव में कोई सवारी नहीं चलती थी, बूढ़ी मां ने घुड़सवार से कहा कि उसकी गठरी घोड़े पर रख ले और कुछ दूर आगे जाकर छोड़ दे। लेकिन घुड़सवार ने तुरंत मना कर दिया और आगे बढ़ गया। कुछ देर बाद घुड़सवार के मन में लालच और नीयत में खोट आ गया।

उसने सोचा, 'वह बुढ़िया मुझे गठरी दे रही थी, संभव है, उसमें कीमती सामान होगा। मैं अगर गठरी को लेकर भाग जाउं तो वह मुझे पकड़ नहीं सकेगी।' यह सोचकर वह व्यक्ति फिर उसी बुजुर्ग महिला के पास जाकर बोलता है, 'लाओ गठरी मुझे दे दो, घोड़े पर रखकर आगे छोड़ दूं।' किन्तु अब बुजुर्ग महिला ने कहा, 'नहीं बेटा, अब तुम जाओ मुझे गठरी नहीं देनी है।' यह सुनकर घुड़सवार बोला, 'अभी तो तुम कह रही थीं, कि गठरी लेकर आगे छोड़ दो और अब मना कर रही हो'। बुजुर्ग महिला ने जो बोला, वह एक ब्रह्माण्ड का सिद्धान्त था, बुजुर्ग महिला बोली, 'देख भाई! जिसने तुझे विचार दिया उसने मुझे भी विचार दिया है, तुझे विचार दिया कि तू मेरी गठरी लेकर भाग जाए और मुझे विचार दिया कि अब में गठरी तुझे न दूं। पहले तुम्हारे मन में लालच और नीयत में खोट नहीं था, इसलिए मैं गठरी तुम्हें दे रही थी, परंतु जैसे ही तुम्हारे विचारों और नीयत में खोट आया, वैसे ही मेरे मन के विचार तुम्हारे प्रति बदल गए।' यह घटना यह बताती है कि अगर हम किसी भी व्यक्ति के प्रति मन में द्वेष, नीयत में खोट रखकर उसके सामने उपस्थित होंगे, तो भले ही हम मुंह से कुछ न बोलें, परंतु हमारे हृदय की भावना दूसरे के हृदय तक पहले ही पहुंच जाती है, जिसके कारण पहले वाला व्यक्ति जो हमें लाभ देना चाह रहा है, वह नहीं देता है। हमारी नीयत बदलते ही सामने वाले के विचार हमारी तरफ परिवर्तित हो जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में चन्द्रमा पर अन्य ग्रहों के प्रभाव से व्यक्ति के अंदरूनी स्वभाव एवं मन का आकलन किया जाता है।

# थाली में भूलकर भी न परोसें एक साथ 3 रोटियां, श्राद्ध पक्ष के अनाज से जुड़े ये 5 वास्तु

एकीकृत पेंशन योजनाः



दक्षिण दिशा में न रखें आटा या अनाज



दक्षिण दिशा में मुंह करके खाना न परोसें



श्राद्ध के वास्तु नियमः वास्तु शास्त्र में भोजन से जुड़ीं सही दिशाओं के बारे में भी बताया गया है। वास्तु शास्त्र के नियम अनुसार घर की कुछ दिशाएं ऐसी मानी जाती हैं, जहां पर भोजन करना वर्जित माना जाता है। विशेषकर पितृपक्ष में आपको रोटी और अनाज से जुड़े कुछ नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। जैसे, पितृपक्ष में दक्षिण दिशा की तरफ मुंह करके रोटी नहीं बनानी चाहिए। आइए, जानते हैं पितृपक्ष में दक्षिण दिशा से जुड़े भोजन के विशेष वास्तु नियम। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई नियम बताए गए हैं, जो आपके घर की सुख-समृद्धि से जुड़े होते हैं। वास्तु शास्त्र के इन नियमों से सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा के स्त्रोतों और कारणों की जानकारी दी गई होती है। वास्तु शास्त्र में भोजन और इससे जुड़े नियम भी मिलते हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार पितृपक्ष में कुछ ऐसे नियम बताए गए हैं, जिनका पालन जरूर करना चाहिए। जैसे, दिशाओं से भी भोजन के नियम जुड़े हुए हैं। आइए, जानते हैं पितृपक्ष में रोटी से जुड़े वास्तु नियम क्या हैं।

**दक्षिण दिशा में बैठकर खाना न खाएं** इस नियम को भी पितृपक्ष ही नहीं बल्कि आम दिनों में भी इसका पालन किया जाना चाहिए। दक्षिण दिशा यमलोक की दिशा होती है। पितृपक्ष में पितरों का श्राद्ध, पूजा और शाम के समय दीया भी दक्षिण दिशा में ही जलाया जाता है, इसलिए दक्षिण दिशा में बैठकर कभी भी खाना नहीं खाना चाहिए।

**दक्षिण दिशा में खड़े होकर कभी न बनाएं रोटी** दक्षिण दिशा यमराज की मानी जाती है इसलिए अगर आप दक्षिण दिशा में खड़े होकर रोटी बनाते हैं, तो इससे आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा आ सकती है। विशेषकर पितृपक्ष में दक्षिण दिशा के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं और यहां से आपके पितरों का आना-जाना होता है। ऐसे में माना जाता है कि आप उनके मार्ग में खड़े होकर बाधा डालते हैं, इसलिए दक्षिण दिशा में खड़े होकर रोटी कभी न बनाएं।

**दक्षिण दिशा में मुंह करके खाना न परोसें** पितृपक्ष में इस नियम का पालन जरूर करना चाहिए। आपको चाहे कितनी भी भूख लगी हो लेकिन दक्षिण दिशा की तरफ चेहरा करके आपको खाना नहीं परोसना चाहिए। पितृपक्ष में दक्षिण दिशा में खड़े होकर केवल पितरों को ही खाना परोसा जाता है और पितरों के नाम की थाली भी दक्षिण दिशा में ही लगाई जाती है।

दक्षिण दिशा में न रखें आटा या अनाज

दक्षिण दिशा में न रखें आटा या अनाज आपके घर में अगर दक्षिण दिशा में कोई अलमारी या किचन स्टोरेज बॉक्स है, तो आपको पितृपक्ष में इन चीजों को वहां से हटा देना चाहिए। इसका कारण यह है कि आपको दक्षिण दिशा में आटा या फिर अनाज नहीं रखना चाहिए। आप अगर पितृपक्ष में आटा या अनाज दक्षिण दिशा में रखते हैं, तो इसका अर्थ यह होता है कि वो अनाज आप पितरों को समर्पित कर रहे हैं। इसके बाद उस सामान को पितरों के नाम दान देने योग्य समझा जाता है।

**थाली में एक साथ कभी न दें 3 रोटी** हर व्यक्ति की भूख अलग होती है। कुछ लोग एक रोटी खाते हैं, तो कुछ लोगों का पेट दो या तीन रोटियां खाने से भरता है लेकिन अगर किसी की भूख तीन रोटियों की है, तो आपको थाली में एक साथ तीन रोटियां नहीं परोसनी चाहिए। भोजन का यह नियम केवल पितृपक्ष में ही नहीं बल्कि आम दिनों में भी माना जाना चाहिए। थाली में एक साथ तीन रोटियां न देने का कारण यह है कि 3 रोटियां हमेशा पितरों को चढ़ाई जाती हैं। ऐसे में अगर आप थाली में किसी को तीन रोटियां देते हैं, तो उस थाली को पितरों को समर्पित माना जाता है। आपको अगर थाली में तीन रोटियां ही देनी है, तो एक रोटी का छोटा-सा टुकड़ा तोड़कर थाली में रख दें, इससे तीन रोटियां पूरी नहीं मानी जाती हैं।

# पुरूषार्थ और ईश्वरीय कृपा से सब कुछ संभव



**हर व्यक्ति अपने लक्ष्य को पाने के लिए कर्म करता है, लेकिन परिणाम समय और भाग्य पर निर्भर करता है। शुभ समय में किया गया कर्म सफल होता है जबकि खराब समय में सावधानी जरूरी है। ज्योतिष शास्त्र सही समय का ज्ञान देकर व्यक्ति को संभावित खतरों से आगाह करता है और सफलता के मार्ग पर ले जाता है।**

संसार का प्रत्येक व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर कर्म कर रहा है। लेकिन कर्म करने के बाद जहां कुछ लोगों को कर्म का पूर्ण फल मिलता है, वहीं कुछ लोगों को परिणाम के रूप में अपयश आदि का सामना करना पड़ता है। कर्म के परिणाम के पीछे अक्सर शुभाशुभ समय और भाग्य का हाथ रहता है, भले ही हम इस बात को न स्वीकार करें। शुभ समय में किया गया कर्म फायदेमंद होता है, इसलिए खराब समय में सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। जैसे एक चूहा था, जिसका समय खराब था और एक सर्प था जिसकी ग्रहदशा अच्छी थी। एक बार की बात है, सर्प को एक सपेरे ने पकड़ लिया और उसे एक पिटारी के अन्दर अंधेरी कोठरी में बंद करके रख दिया। चूहे का समय खराब था, उसने बड़े परिश्रम से अंधेरी कोठरी के अन्दर रखी बांस की पिटारी को कुतर-कुतर कर एक छेद बनाया और जैसे ही उस छेद के माध्यम से पिटारी में प्रवेश किया, वैसे ही अशुभ समय के फलस्वरूप पहले से पिटारी में मौजूद सर्प का भोजन वह परिश्रमी चूहा बन गया क्योंकि सर्प की ग्रहदशा अच्छी थी, सर्प को बैठे-बैठे चूहे जैसा स्वादिष्ट भोजन मिला और चूहे के काटने से पिटारी से मुक्ति का रास्ता भी। इसलिए बड़े-बुजुर्ग खराब समय में सोच-समझकर ही कोई भी कार्य और निर्णय लेने की सलाह देते हैं। मुसीबतों से रक्षा एवं जीवन में सफलता के लिए ज्ञान और मार्गदर्शन अतिआवश्यक माना गया है, ज्योतिष शास्त्र अनादिकाल से व्यक्ति को सम्भावित खतरों के बारे में आगाह करता है तथा भविष्य की सम्भावनाओं से रूबरू कराता है। ज्योतिष शास्त्र बताता है, कब व्यक्ति का समय अच्छा है और कब व्यक्ति का समय खराब, क्योंकि सही समय का ज्ञान होने पर व्यक्ति अपनी पूरी ताकत से परिश्रम का लाभ अर्जित कर सकता है। खराब समय में किया गया परिश्रम शुभ परिणाम की अपेक्षा नकारात्मक परिणाम अथवा विलम्ब से परिणाम देता है जिसके कारण व्यक्ति का मन खिन्न रहता है।

धर्मशास्त्र एवं नीतिशास्त्र के अनुसार सही दिशा में परिश्रम के साथ प्रार्थना और प्रतीक्षा व्यक्ति में सकरात्मक उर्जा का संचार करती है और व्यक्ति के अंदर की सकारात्मक उर्जा ही कार्य को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करती है। जीवन में अपार सफलता चाहने वालों को अपने कार्य-व्यवहार में परिश्रम, प्रार्थना और प्रतीक्षा, इन तीन मानकों का समावेश अवश्य करना चाहिए। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं, जब भी कोई लक्ष्य साधने निकलें, तो उसे पूरा करने का तकनीकी ज्ञान होना चाहिए। परिश्रम में सक्रियता, प्रार्थना में समर्पण और प्रतीक्षा में धैर्य होना आवश्यक है। इन तीनों के समावेश से प्रत्येक व्यक्ति कर्मयोगी बन सफलता प्राप्त कर सकता है।



# सुखद भविष्य का मूल मंत्र जान लीजिए, सुख पाना है तो बस इस नियम को लाइफ में अपना लीजिए

**हम जो भी क्रियाएं, भावनाएं या विचार दूसरों के प्रति रखते हैं, वही अंततः हमारे पास लौट कर आते हैं, यह एक प्रकार से 'बूमरैंग इफ़ेक्ट' जैसा है जिसे कथा के रूप में ऋषि-महर्षियों ने अभिव्यक्त किया है। इसी कथा में छुपा है जीवन में सुख और आनंद पाने का मंत्र।**

हमें दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा हम अपने लिए चाहते हैं। अच्छे कर्म और सकारात्मक व्यवहार से हमें जीवन में सुख और शांति मिलती है, जबकि नकारात्मक और बुरे कर्म से हमें दुःख और कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। एक सम्पन्न महिला और एक गरीब महिला की कहानी बचपन में सुनी थी, अमीर औरत पर यद्यपि पूर्व जन्म के कर्म अनुसार ईश्वर की कृपा थी, परन्तु इस जन्म में उसकी किसी की भी सहायता करने अथवा किसी को भी कुछ देने की नीयत नहीं थी। दूसरी ओर जो गरीब औरत थी, वह कभी भी धर्मार्थ के कार्य, दान आदि में संकोच नहीं करती थी। एक बार की बात है, एक साधु बाबा को भिक्षा में अमीर स्त्री ने जली रोटी दी और गरीब स्त्री ने जैसी रोटी वह खाती थी वैसी रोटी दी। कुछ वर्ष बाद गांव में बाढ़ आ गई, अमीर और गरीब दोनों का घर डूबने लगा, इसलिए वे दोनों, पहाड़ी पर स्थित एक साधु बाबा के आश्रम में आश्रय के लिए पहुंची। साधु बाबा दोनों को अपने आश्रम में ठहराते हैं, लेकिन खाने में उनको वही देते हैं जो उन्होंने उनको दिया था और कहा, 'जो आप लोगों ने दिया वही आपको दे रहा हूँ।' यानी अमीर स्त्री को उसकी जली कटी रोटी और गरीब स्त्री को उसकी दी हुई रोटी मिली। इस पर अमीर महिला ने साधु महात्मा को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा, 'आप असली साधु नहीं हैं, जो भेदभाव करते हैं।' इस पर साधु महात्मा ने बताया, 'बेटा! सृष्टि का नियम है कि प्यार बांटोगे तो प्यार पाओगे, दूसरों को सुख दोगे, तो सुख मिलेगा और दुःख दोगे तो तुम्हारी झोली में दुःख ही आएगा।' अगर आप दूसरों के साथ दया और प्रेम से पेश आते हैं, तो आपको भी दूसरों से दया और प्रेम मिलेगा। अगर आप दूसरों को दुख पहुंचाते हैं, तो किसी न किसी रूप में आपको भी दुख का सामना करना पड़ेगा।

यह सिद्धांत हमें सिखाता है कि हमें हमेशा सकारात्मक और नैतिक व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि हमारे कर्म और व्यवहार का प्रभाव हमारी ही जिंदगी पर पड़ता है। हम जो भी कार्य या भावनाऐं दूसरों के प्रति व्यक्त करते हैं, वही अन्ततः हमें वापस मिलती है। आपने अक्सर सुना होगा, 'जैसा बोएँगे, वैसा पाऐंगे', 'जैसी करनी वैसी भरनी', इस प्रकार की सभी कहावत सत्य की कसौटी पर खरी उतरती हैं।



# महात्मा बुद्ध ने बताया इस तरह पेड़ पौधे करते हैं बातें, ये है प्रकृति की भाषा

**प्रकृति से ही पूरा संसार चलता है और प्रकृति से ही पृथ्वी पर जीवन भी है। जिस दिन प्रकृति किसी चीज से नाराज हो जाती है, उस दिन कई तरह की परेशानियां मनुष्य देखता है। महात्मा बुद्ध ने अपने भक्त को बताया कि किस तरह प्रकृति मनुष्य से बात करती है और उसका जीवन में कितना महत्वपूर्ण रोल भी है...**

एक दिन महात्मा बुद्ध एक वृक्ष को नमन कर रहे थे। दूर खड़े एक भिक्षु ने देखा तो उसे हैरानी हुई। वह बुद्ध के पास गया और पूछा, 'भंते! आपने इस वृक्ष को नमन क्यों किया?' भिक्षु की बातें सुनकर बुद्ध ने जवाब में कहा, 'क्या इस वृक्ष को मेरे नमन करने से कुछ अनहोनी हो गई?' शिष्य बोला, 'नहीं भगवन! ऐसी बात नहीं, पर मुझे यह देखकर थोड़ी हैरानी अवश्य हुई कि आप जैसा ज्ञानी महापुरुष इस वृक्ष को नमस्कार कर रहा है, जबकि यह न तो आपकी किसी बात का उत्तर दे सकता है और न ही आपके नमन करने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर कर सकता है।' बुद्ध मुस्कराए और उन्होंने कहा, 'वत्स! तुम्हारा सोचना गलत है। वृक्ष भले बोलकर उत्तर न दे सकता हो, पर जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की एक भाषा होती है, उसी प्रकार प्रकृति की भी अपनी भाषा होती है। वृक्ष में भी प्राण हैं, उसकी भी अपनी भाषा है। इस वृक्ष के नीचे बैठकर मैंने साधना की है। इसकी घनी पत्तियों ने मुझे शीतलता प्रदान की है। चिलचिलाती धूप, वर्षा से इसने मेरा बचाव किया है। प्रत्येक पल इसने मेरी सुरक्षा की। इसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना मेरा परम कर्तव्य है। और बात सिर्फ इस पेड़ की नहीं है। प्रत्येक जीव को समस्त प्रकृति का कृतज्ञ होना चाहिए।' आगे बुद्ध ने समझाया, 'तुम इस वृक्ष की ओर ध्यान से देखो। इसकी हिलती हुई टहनियों को देखो, इसके हिलते हुए पत्तों को देखो। इससे आने वाली मंद-मंद हवा को महसूस करो। धीरे-धीरे तुम इससे जुड़ने लगोगे। फिर महसूस करोगे कि ये वृक्ष बातें भी करते हैं।' बुद्ध की बात पर शिष्य ने वृक्ष को नए आलोक में देखा तो उसे अनुभव हुआ सचमुच वृक्ष की पत्तियां, शाखाएं, फूल मन को एक अद्भुत शांति प्रदान कर रहे हैं। अब शिष्य भी वृक्ष के सम्मान में झुक गया।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# 5 स्टार खिलाड़ी जिन्हें रिलीज कर सकती है फ्रेंचाइजी, रिटेन करने की उम्मीद न के बराबर




**दुबई** चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ साफ हो गया कि सेमीफाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। मुकाबला 4 मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा। दूसरी ओर 5 मार्च को न्यूजीलैंड का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 249 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिए, कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। श्रेयस अय्यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से केन विलियमसन ने 81 रन बनाए। मैट हेनरी को 5 विकेट मिले।

**5 पॉइंट्स में मैच एनालिसिस 1. प्लेयर ऑफ द मैच** 250 रन के टारगेट को डिफेंड करने उतरी टीम इंडिया को स्पिनर्स ने जीत दिलाई। वरुण चक्रवर्ती की मिस्ट्री स्पिन को तो कीवी बैटर्स समझ ही नहीं पाए, उन्होंने 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। उनकी स्पिन ने विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को पवेलियन भेजा।

**2. जीत के हीरो** अक्षर पटेलः भारत ने 30 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे, यहां अक्षर ने श्रेयस के साथ 98 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 42 रन बनाए। फिर गेंदबाजी के 10 ओवर में महज 32 रन देकर 1 विकेट लिया।

हार्दिक पंड्याः 7वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे हार्दिक ने 45 गेंद पर 45 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। फिर गेंदबाजी में रचिन रवींद्र के रूप में टीम को पहली सफलता दिलाई।

श्रेयस अय्यरः 22 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद श्रेयस ने भारत को संभाला। उन्होंने 31 ओवर बैटिंग की और 79 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड से गेंदबाजी में मैट हेनरी ने महज 42 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने शुभमन गिल, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी को पवेलियन भेजा। उनके बाद बैटिंग में केन विलियमसन ने फाइट दिखाई। उन्होंने 120 गेंद पर 81 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत के 4 स्पिनर्स ने न्यूजीलैंड के बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। जडेजा, कुलदीप, अक्षर और चक्रवर्ती ने मिलकर 37.3 ओवर में 166 रन दिए और 9 विकेट झटक लिए। अक्षर, चक्रवर्ती और जडेजा की इकोनॉमी 4.50 से कम ही रही। **भारत ने सम्मानजनक स्कोर बनाया** टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 30 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। श्रेयस अय्यर ने 79, अक्षर पटेल ने 42, केएल राहुल ने 23 और हार्दिक पंड्या ने 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 249 तक पहुंचा दिया। न्यूजीलैंड से काइल जैमिसन, विल ओरूर्क, मिचेल सैंटनर और रचिन रवींद्र को 1-1 विकेट मिला। विलियमसन की फिफ्टी के बाद भी हारा न्यूजीलैंड 250 के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड ने संभलकर शुरुआत की। पावरप्ले-1 में टीम ने 44 रन के स्कोर पर 1 ही विकेट गंवाया। केन विलियमसन एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने लगातार विकेट गिरते चले गए। कप्तान सैंटनर ने 28 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।



# IPL ने विदेशी प्लेयर्स के पर कतरेः बिकने के बाद नहीं खेले तो 2 साल का बैन; 18 करोड़ से ज्यादा कमा भी नहीं पाएंगे



BCCI ने शनिवार को IPL की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू कर दी। पॉलिसी के नियमों में विदेशी प्लेयर्स को नुकसान पहुंचता नजर आ रहा है। इसके तहत सभी विदेशी प्लेयर्स को मेगा ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराना ही होगा। अगर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उन्हें बाद में होने वाले मिनी ऑक्शन में एंट्री नहीं मिलेगी। वहीं, किसी खिलाड़ी ने अगर ऑक्शन में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लिया तो उन्हें अगले 2 सीजन के लिए बैन कर दिया जाएगा। साथ ही विदेशी प्लेयर्स अब एक सीजन में 18 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा भी नहीं पाएंगे। पिछले मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ और पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके थे।

1. क्या है IPL का रिटेंशन रूल?
2. राइट टु मैच कार्ड में क्या बदलाव हुआ?
3. प्लेयर रिटेन करने पर कितना खर्च होगा?
4. विदेशी प्लेयर्स के लिए नए नियम क्या हैं?
5. विदेशी प्लेयर्स को नुकसान कैसे हुआ?
6. अनकैप्ड प्लेयर्स के लिए क्या नियम है?

**1. IPL का नया रिटेंशन रूल** IPL मेगा ऑक्शन से पहले अब फ्रेंचाइजी टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। जिनमें ज्यादा से ज्यादा 5 इंटरनेशनल और 2 अनकैप्ड प्लेयर शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल प्लेयर किसी भी देश का हो सकता है, लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी भारत का ही होना चाहिए।

मान लीजिए, मुंबई इंडियंस ने 5 इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटेन किए तो टीम अब किसी अनकैप्ड प्लेयर को ही छठे खिलाड़ी के रूप में रिटेन कर सकेगी। वहीं टीम ने अगर 4 इंटरनेशनल प्लेयर रिटेन किए तो उनके पास 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन करने का ऑप्शन रहेगा।

**2. राइट टु मैच कार्ड में क्या बदलाव हुआ?**

ऑक्शन में राइट टु मैच यानी RTM कार्ड की भी वापसी हुई है। टीमें चाहें तो 6 खिलाड़ी ऑक्शन से पहले रिटेन कर लें या फिर टीमें ऑक्शन में 6 RTM कार्ड का इस्तेमाल कर लें। टीमों ने अगर 3 खिलाड़ी रिटेन किए तो उनके पास ऑक्शन में 3 RTM कार्ड ही बचेंगे। इसी तरह अगर 4 प्लेयर रिटेन किए तो ऑक्शन में 2 RTM कार्ड बचेंगे। राइट टु मैच कार्ड टीमों को ऑक्शन में मिलता है। मान लीजिए, चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर रिटेन किए और उनके पास एक RTM कार्ड बचा है। टीम मोईन अली को रिटेन नहीं कर सकी। अब अगर ऑक्शन में हैदराबाद ने मोईन को 6 करोड़ रुपए देकर खरीदा तो चेन्नई अपने RTM कार्ड का इस्तेमाल कर मोईन को अपनी टीम में ही रख सकती है। RTM में इस बार एक नया नियम जोड़ा गया, बोली लगाने वाली टीमों के पास खिलाड़ी की कीमत बढ़ाने का मौका रहेगा। जैसे हैदराबाद ने मोईन पर 6 करोड़ की बोली लगाई और CSK ने RTM कार्ड यूज किया, तो हैदराबाद उस कीमत को बढ़ा कर 9 या 10 करोड़ रुपए तक भी कर सकती है। अब अगर CSK ने RTM कार्ड यूज किया तो उन्हें बढ़ी हुई कीमत में मोईन को खरीदना होगा। वहीं CSK ने RTM कार्ड यूज नहीं किया तो मोईन बढ़ी हुई कीमत में हैदराबाद के हो जाएंगे।

**3. 79 करोड़ में रिटेन कर सकेंगे 6 खिलाड़ी**

IPL टीमों की पर्स लिमिट भी अब बढ़ाकर 120 करोड़ रुपए कर दी गई है, पहले यह 100 करोड़ थी। पहले खिलाड़ी को रिटेन करने पर 18 करोड़, दूसरे खिलाड़ी पर 14 करोड़ और तीसरे खिलाड़ी पर 11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अगर 3 ही खिलाड़ी रिटेन किए तो पर्स से 43 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# एक्सीडेंट के बाद मुशीर ने इंस्टा पर वीडियो पोस्ट कियाःपिता नौशाद बोले- MCA और BCCI का धन्यवाद; आप सबकी प्रार्थनाओं का शुक्रिया




मुशीर खान की फॉर्च्यूनर कार 2 दिन पहले आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार की वजह से पलट गई थी। भारतीय क्रिकेटर सरफराज खान के भाई मुशीर खान का बीते शनिवार एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद अब मुशीर खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनके गले में पट्टा बंधा हुआ है।वीडियो में मुशीर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन और BCCI द्वारा मिले सपोर्ट का धन्यवाद किया और साथ ही फैंस का भी आभार जताया। युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी मुशीर खान की फॉर्च्यूनर कार 2 दिन पहले आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार की वजह से पलट गई थी। वे पिता नौशाद के साथ ईरानी कप में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। इस एक्सीडेंट के बाद मुशीर की गर्दन में चोट आई थी। जिसकी वजह से मुशीर ईरानी कप से बाहर हो गए है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में एक्सीडेंट के बाद कार में बैठे सभी घायलों को मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसके बाद मेदांता के डायरेक्टर राकेश कपूर ने दैनिक भास्कर को बताया- मुशीर की गर्दन में चोट है। उन्हें एक-दो दिनों में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। डिस्चार्ज होने के बाद अब मुशीर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में सबसे पहले नौशाद खान ने कहा, मैं सबसे पहले इस नए जीवन के लिए अपने मालिक का शुक्रिया करता हूं, इसके साथ ही मैं अपने चाहने वाले और उन सभी सगे-संबंधियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए दुआ की। मुशीर का ख्याल रखने के लिए MCA और BCCI का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इतना ही कहूंगा कि जो मिला उसका शुक्रिया करना है और जो नहीं मिला उसके लिए सब्र करना है।

दूसरी ओर मुशीर खान ने कहा, मैं अभी ठीक हूं और मेरे पिता भी स्वस्थ हैं। आप सबकी प्रार्थनाओं का बहुत-बहुत शुक्रिया। करीब 3 महीने तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता हैः MCA मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने बताया है कि एक मेडिकल टीम मुशीर खान के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है। जैसे ही मुशीर यात्रा के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें आगे की जांच के लिए मुंबई लाया जाएगा। इस गर्दन की चोट के कारण मुशीर खान को करीब 3 महीने तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता है।

# WTC Table: किसे फायदा, कौन घाटे में रहेगा... कानपुर टेस्ट ड्रॉ रहा तो WTC टेबल पर क्या पड़ेगा असर, समझिए समीकरण



**भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में हो रहे टेस्ट मैच में पहले दिन केवल 35 ओवर का खेल हुआ। अगले दो दिनों में बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। मैच ड्रॉ होने की स्थिति में दोनों टीमों को 4-4 पॉइंट मिलेंगे, जिससे भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में नुकसान होगा।**

**कानपुरः** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम पर हो रहा है। मैच के पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल हो पाया। उसके बाद दूसरे और तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। तीन दिन में कुल 35 ओवर होने की वजह से मैच का नतीजा निकलना काफी मुश्किल है। भारत को मैच जीतने के लिए बांग्लादेश के 20 विकेट लेने के साथ ही खुद बल्लेबाजी में एक पारी खेलकर बड़ा स्कोर भी बनाना पड़ेगा। **टेस्ट ड्रॉ होने पर क्या होगा?**

यह टेस्ट सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। यानी मैच ड्रॉ होने की स्थिति में दोनों टीमों के 4-4 पॉइंट मिलेंगे। मैच जीतने पर 12 जबकि टाई होने पर 6-6 पॉइंट मिलते हैं। भारत के अभी 86 तो बांग्लादेश के 33 पॉइंट हैं। बांग्लादेश पहले मैच को 280 रनों से हार गई थी। आज तक उसे टेस्ट में भारत के खिलाफ जीत नहीं मिली है। ऐसे में मैच ड्रॉ होता है तो उसे सबसे ज्यादा खुशी होगी। **भारत को टेबल में भी नुकसान** कानपुर टेस्ट ड्रॉ होने से भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के टेबल में भी नुकसान होगा। अभी 10 मैच के बाद भारत के 86 पॉइंट हैं। 71.67 प्रतिशत अंक हासिल कर भारत टेबल में पहले स्थान पर है। मैच ड्रॉ होने की स्थिति में भारत के 68.18 प्रतिशत अंक रह जाएंगे। हालांकि टीम इंडिया इसके बाद भी टॉप पर रहेगी लेकिन अंक गिरना आगे के लिए ठीक नहीं है। भारत अगर कानपुर टेस्ट को अपने नाम करने में यहां से भी सफल हो जाता है तो 74.24 प्रतिशत अंक हो जाते। इससे फाइनल में जाने की दावेदारी और मजबूत हो जाएगी। दूसरी तरफ बांग्लादेश 39.29 से घटकर 38.54 पॉइंट रह जाएंगे। हालांकि अगर उन्हें हार मिलती तो 34.37 पॉइंट हो जाते। **IND vs BAN: बांग्लादेश टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल का ऐलान** वेस्टइंडीज में हुआ था बारिश से नुकसान भारत ने पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरुआत की थी। पहले मैच में टीम इंडिया को एक पारी और 141 रनों से जीत मिली थी। दूसरे टेस्ट को भी टीम इंडिया आसानी से अपने नाम कर सकती थी, लेकिन बारिश ने विलेन का काम किया और मैच ड्रॉ हो गया।

# हवा में उछले, एक हाथ से झपट लिया बॉल... रोहित शर्मा का कैच देखकर शुभमन गिल ने पकड़ लिया सिर



**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपनी फील्डिंग का कमाल दिखाया। उन्होंने हवा में उड़ते हुए एक हाथ से बांग्लादेश के विकेटकीपर लिटन दास का कैच लिया। उनके कैच को देखकर शुभमन गिल ने तो अपना सिर ही पकड़ लिया।**

कानपुरः भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उनकी फिटनेस की वजह से सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता है। इसके बाद भी 37 साल के हो चुके कप्तान रोहित फील्ड पर कमाल करते ही रहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में उन्होंने एक बार फिर अपनी फील्डिंग का कमाल दिखाया। बारिश की वजह से टेस्ट में दूसरे और तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी गई। आज चौथे दिन खेल अपने निर्धारित समय पर शुरू हो गया।

**एक हाथ से रोहित ने लिया कैच** बांग्लादेश की पारी का 50वां ओवर मोहम्मद सिराज डाल रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर लिटन दास ने अटैक करने का फैसला किया। वह क्रीज से बाहर कूदे और मिड ऑफ के ऊपर से ताकतवर शॉट खेल दिया। गेंद जमीन से 7 फीट और 9 इंच ऊपर थी। मिड ऑफ पर फील्डिंग कर रहे रोहित शर्मा ने जंप लगाया और एक हाथ से गेंद को लपक लिया। टीम इंडिया के खिलाफ जश्न में डूब गए तो लिटन दास को भरोसा ही नहीं हुआ।

**पहले सेशन में भारत को तीन विकेट** कानपुर टेस्ट के चौथे दिन भारत ने पहले सेशन में तीन विकेट लिए हैं। बांग्लादेश ने मैच के पहले दिन भी तीन विकेट खोए थे। बारिश की वजह से मैच के दूसरे और तीसरे दिए एक भी गेंद नहीं फेंकी गई। अब चौथे दिन निर्धारित समय पर मैच की शुरुआत हुई। बांग्लादेश को जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर रहीम को बोल्ड कर बड़ा झटका दिया। उनके बल्ले से 11 रन निकले। 13 रनों की पारी खेलने के बाद लिटन दा भी आउट हो गए। इसके बाद क्रीज पर उतरे शाकिब अल हसन भी 9 रन ही बना सके। लेकिन इस बीच मोमिनुल हक लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने लंच से पहले आखिरी ओवर में अश्विन के खिलाफ चौका मारकर अपना शतक पूरा किया। टेस्ट मैचों में यह उनका भारत के खिलाफ पहला शतक है।



# अक्षर पटेल के पैरों में पड़ गए विराट कोहली, न्यूज़ीलैंड के खिलाफ अचानक क्यों हुआ ऐसा?

**दुबईः** चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हरा दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने बोर्ड पर 249 रन लगाए। 250 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम सिर्फ 205 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मैच में एक पल ऐसा आया जब टीम इंडिया के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली अक्षर पटेल के पैर छूने लगे। विराट ने ऐसा क्यों किया इसके पीछे एक बड़ा कारण है।

**विराट कोहली ने क्यों छुए पैर?** अब सवाल यह है कि विराट ने आखिर ऐसा किया क्यों? दरअसल 250 रन का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम एक समय मैच पर पकड़ बना रही थी। खासकर केन विलियमसन क्रीज पर डटे हुए थे वह 81 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन अक्षर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षर की एक फ्लाइट गेंद पर विलियमसन ने आगे निकलकर शॉट खेलने की कोशिश की। लेकिन विलियमसन चूक गए और पीछे खड़े केएल राहुल ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया।

विलियमसन के विकेट पर सबसे ज्यादा उत्साह में विराट कोहली नजर आए। विराट इतना खुश थे कि वह दौड़ते हुए गए और उन्होंने अक्षर पटेल के पैर पकड़ लिए। इस बीच अक्षर भी हंसते हुए कोहली को रोकते हुए नजर आए। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने कमाल के प्रदर्शन को जारी रखते हुए तीन मैचों में अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की। सबसे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ भी टीम इंडिया ने 6 विकेट से ही जीत हासिल की। अब न्यूजीलैंड को 44 रन से मात देकर टीम बिना कोई मैच गंवाए सेमीफाइनल तक पहुंच गई है। आगे टीम इंडिया को 4 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 लालगुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फा नं .651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/68670